* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 205




# ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार

## ■ इडी ने 16 घंटे की पूछताछ के बाद भ्रष्टाचार के आरोप में दबोचा

## ■ कमीशन के खेल में फंसे कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। दो दिनों तक 16 घंटे पूछताछ करने के बाद बुधवार को उनकी गिरफ्तारी हुई। वह पाकुड़ से विधायक और झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता भी हैं। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये हैं। उन पर आरोप है कि वह अपने ओएसडी संजीव लाल के माध्यम से अपने विभाग में ठेका मैनेज कराते थे। कमीशन के इस खेल में जम कर वसूली होती थी और वसूली गयी राशि के बड़े हिस्से का उपयोग मंत्री समय-समय पर करते भी थे। ओएसडी संजीव लाल का नौकर वसूली गयी रकम का केयर टेकर था।

### ऐसे शिकंजे में फंसे मंत्री

6 मई को इडी ने मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट में छापामारी कर करीब 35 करोड़ रुपये बरामद किये थे। इस मामले में इडी ने मंत्री के ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। इसी पूछताछ में विभाग के मंत्री आलमगीर आलम का नाम आया था। इडी को जानकारी मिली है कि विभाग के दो सचिव भी इस खेल में शामिल हैं। साथ ही दो ठेकेदार और चार इंजीनियर भी रडार पर हैं। इसी मामले में मंगलवार को पूछताछ के लिए मंत्री को बुलाया गया था। 9 घंटे की पूछताछ में मंत्री ने इडी के किसी सवाल का सही जवाब नहीं दिया। उनसे कमीशन की दर और उस रकम को खर्च करने के बारे में कई सवाल किये गये थे। आलमगीर आलम से बांग्लादेश में रहनेवाले उनके एक रिश्तेदार के बारे में भी सवाल किये गये थे।



### कुछ रिकॉर्डिंग सुनायी गयी

पूछताछ की शुरुआत में इडी ने कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग मंत्री को सुनायी और इस संबंध में जानकारी चाही। मंत्री ने इस बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही। इसके बाद उन्होंने कहा कि ओएसडी संजीव लाल के नौकर के पास इतना पैसा कहां से आया, यह उन्हें नहीं पता। लेकिन रिकॉर्डिंग सुनने के बाद उन्होंने स्वीकार कर लिया कि रकम में उनकी भी हिस्सेदारी है। ग्रामीण विकास विभाग में तीन फीसदी से 15 फीसदी तक कमीशन की वसूली होती है। इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से भी पूछताछ हो चुकी है।

### हेमंत के साथ दो आइएएस भी हैं जेल में

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले से जेल में हैं। उन पर गलत तरीके से बड़गांई अंचल में सेना की जमीन कब्जाने का आरोप है। इनके अलावा वरिष्ठ आइएएस पूजा सिंघल और छवि रंजन भी इडी द्वारा भ्रष्टाचार और जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार किये जा चुके हैं। पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार सिंह के यहां से 6 मई, 2022 को इडी ने 17 करोड़ रुपये नगद बरामद किये थे।

## 400 पार के नारे का असम सीएम ने खोला राज

# पीओके को भारत में मिलाया जायेगा : हिमंता बिस्वा सरमा

- कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण दे रही
- झारखंड भ्रष्टाचार में नंबर-1 बन गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/गिरिडीह।** भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा लेकर चल रही है। भाजपा के इस नारा का राज असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने खोल दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछली बार 300 पार का नारा दिया था। आप लोगों ने जिताया। भाजपा ने कश्मीर से 370 हटा दिया। राम मंदिर का निर्माण कराया। सीएए लागू कर दिया। अगर इस बार भाजपा को 400 सीटें मिलीं तो जानते हैं क्या होगा? सरमा ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा को 399 सीट आने से एतराज नहीं है। सरकार बनने से एतराज नहीं है, लेकिन 400 पार की बात होते ही एतराज हो जाता है। दरअसल भाजपा को 400 सीटें मिलने पर पीओके को भारत में मिलाया जायेगा। मथुरा और ज्ञानव्यापी में निर्माण होगा। असम सीएम बुधवार को रामगढ़ और गिरिडीह में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी को जीताने की अपील की।



### 'इतनी खनिज संपदा है कि झारखंड को नंबर-1 होना चाहिए था'

हिमंता ने कहा कि झारखंड बुरी हालत से गुजर रहा है, जबकि झारखंड में इतनी खनिज संपदा है कि इसे विकास के मामले में देश में नंबर-1 राज्य होना चाहिए था। ये कौन खा रहा है, कांग्रेस और जेएमएम वाले। यह राज्य भ्रष्टाचार में नंबर-1 बन गया है। उन्होंने विपक्ष द्वारा एजेंसियों पर सवाल उठाने पर कहा कि कांग्रेस और झामुमो वालों के घर में जो पैसा है, उसे उठाने के लिए इडी-सीबीआइ चाहिए। सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये मिल रहे। मंत्री के निजी सचिव और नौकर के यहां से करोड़ों रुपये मिल रहे। जो भ्रष्टाचार है उसको रोकने के लिए इडी-सीबीआइ तो चाहिए ही।

### बांग्लादेशी बदल रहे डेमोग्राफी

हिमंता ने कहा कि पूरे देश में यूसीसी लागू करने के लिए भाजपा को 400 सीटें चाहिए। असम की तरह बांग्लादेशी झारखंड की डिमोग्राफी बदल रहे हैं, जबकि उनके तुष्टीकरण में झामुमो और कांग्रेस लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश में मुसलमानों को आरक्षण का कोई हक नहीं है। वह आरक्षण यहां के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलना चाहिए। कर्नाटक में ओबीसी का आरक्षण काट कर कांग्रेस ने मुसलमानों को दे दिया। अन्य राज्यों में भी जहां कांग्रेस और उनके गठबंधन की सरकार है, वहां पर ओबीसी के आरक्षण को काट कर मुसलमानों को दिया जा रहा है, लेकिन भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण खत्म कर देगी।

**(घुसपैठ नहीं रुकी, तो झारखंड में अल्पसंख्यक बन जायेंगे मूल निवासी- हिमंता बिस्वा सरमा : देखें पेज-3)**

# कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से आती है: जयराम

- झारखंड की नयी आरक्षण पॉलिसी को 9वीं अनुसूची में डालेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों के बाद स्पष्ट हो गया कि इंडी गठबंधन को बहुमत मिलने जा रहा है। बाकी बचे तीन चरणों का कोई असर अब चुनाव पर नहीं पड़नेवाला है। दक्षिण में भाजपा साफ हो चुकी है। प्रधानमंत्री की भाषा बदल गयी है। प्रधानमंत्री बौखलाये हुए हैं। हताश हैं। दस साल अन्याय काल के बाद अब जनता समझ गयी है कि बदलाव और परिवर्तन का समय आ गया है। जल्द ही ये पीएम पद से हटने वाले हैं। जयराम रमेश बुधवार को रांची के कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से आती है। हमारी गारंटी हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित हैं।



### जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से पूछे चार सवाल

**पहला सवाल-** नरेंद्र मोदी की गारंटी और 400 पार का नारा क्यों बंद हुआ। इनके इस नारे का मतलब ये है कि इनको 400 पार करवाओ, ताकि ये नया संविधान बनायें।

**दूसरा सवाल-** क्यों आप जातिगत जनगणना कराने से भाग रहे हैं। बिहार में तो आपके साथी नीतीश कुमार ने जनगणना करायी है।

**तीसरा सवाल-** सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण की सीमा अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लिए 50 % की सीमा होनी जरूरी है।

**चौथा सवाल-** क्या ये सच नहीं है कि आपने पिछले 10 सालों में सभी कानूनों में संशोधन लाया है, जो आदिवासी और दलितों को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये थे। वन अधिकार अधिनियम और वन संरक्षण कानून 1980 को कमजोर किया गया है, ताकि आदिवासियों की जमीन को लेकर पूंजीपतियों को दे दिया जाये।

### लोकतंत्र बचाने के लिए इंडी गठबंधन

जयराम ने कहा कि चुनावी मुकाबले के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडी गठबंधन का गठन हुआ है। हम एक होकर लड़ रहे हैं इस संविधान को बचाने के लिए, जिसका एक मूल सिद्धांत संसदीय लोकतंत्र है। इसको बचाने के लिए हम चुनाव लड़ रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति सिंह, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजिनी, सुमेर चरण और वैभव शुक्ला उपस्थित थे।

## न्यूज रील्स

### पहली बार सीएए से 14 शरणार्थी को नागरिकता मिली




**नयी दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गयी है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को ये जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 14 लोगों को सीएए के सर्टिफिकेट जारी कर दिये गये हैं। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को सीएए देशभर में लागू किया था। इसके तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आये गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है।









# तिसरी में मोदी की सभा के बाद कोडरमा और गिरिडीह में दिखने लगा असर

## ■ फिर भी कल्पना सोरेन का साथ मिलने से विनोद सिंह दे रहे हैं अच्छी टक्कर

## ■ अन्नपूर्णा देवी के सामने पिछड़ा रिकार्ड कायम करने की बड़ी चुनौती

## ■ जेपी वर्मा के निर्दलीय खड़ा होने से भाजपा और माले, दोनों को नुकसान

**आजाद सिपाही विशेष**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की अपनी तीसरी यात्रा में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का माहौल बदल दिया। पीएम की सभा वैसे तो गिरिडीह जिले के बिरनी में थी, लेकिन यह क्षेत्र कोडरमा संसदीय क्षेत्र में आता है। इसलिए इस सभा का सीधा असर कोडरमा पर पड़ा है, हालांकि पड़ोस के गिरिडीह संसदीय क्षेत्र पर भी इसका असर दिखाई देने लगा है। पीएम मोदी की यात्रा के बाद कोडरमा संसदीय क्षेत्र में बदलाव की बयार साफ महसूस की जा सकती है। यहां के वोटरों का मूड जानने के लिए आजाद सिपाही टीम ने बिरनी से कोडरमा तक की यात्रा की। इस दौरान साफ तौर पर महसूस हुआ कि पीएम की सभा के बाद लोगों का नजरिया बदल गया है। भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के प्रति जो माहौल दो दिन पहले तक था, उसमें एक सकारात्मक बदलाव आया है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि कोडरमा में भाजपा का दबदबा है और उस दबदबे को विनोद सिंह चुनौती देने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। वह दमदार तरीके से फाइट दे रहे हैं और उनकी मेहनत का ही असर है कि भाजपा प्रत्याशी के लिए निश्चिंत होने लायक माहौल अब तक नहीं बना है। इंडी गठबंधन की तरफ से भाकपा माले प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह का ग्रास रूट चुनाव प्रचार ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब शहरी इलाकों में दाखिल होने लगा है। कल्पना सोरेन के विनोद सिंह के पक्ष में पूरी तरह से उतर जाने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे जेपी वर्मा की जमीन कमजोर हुई है। वैसे जेपी वर्मा जो भी वोट लायेंगे, उससे भाजपा और माले प्रत्याशी दोनों को नुकसान होगा। प्रधानमंत्री मोदी की सभा का कोडरमा के साथ-साथ पड़ोस के गिरिडीह संसदीय क्षेत्र पर क्या असर पड़ा है और इसका कितना लाभ एनडीए को मिलेगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार 14 मई को कोडरमा संसदीय क्षेत्र के बिरनी के पेसम में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में कितने लोग शामिल हुए थे, इस सवाल का जवाब बिरनी के राजेंद्र साहू देते हुए कहते हैं कि ऐसा लगा था कि यह कुंभ मेला है। हम तो सभास्थल पर एकत्र भीड़ का अंतिम छोर नहीं देख सके। उनके पास ही खड़े थे बगोदर के नरेश सिंह, जो विशेष रूप से पीएम की सभा में आये थे और रात होने की वजह से बिरनी में ही रुक गये थे। नरेश सिंह ने कहा कि मोदी की बात सुनने के बाद अब कोई 'इफ-बट' नहीं रह गया है। कोडरमा ने कमल फुल खिलाने का फैसला कर लिया है।

कोडरमा संसदीय क्षेत्र का बरकट्ठा हो या फिर बगोदर, पीएम की सभा के बाद लोगों की बातचीत का विषय बदल चुका है। इस इलाके के गांवों से बहुत सारे लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने गये थे। सभा से लौटने के बाद यहां के लोगों में अब एक बदलाव नजर आने लगा है। ये लोग अब भ्रष्टाचार और आदिवासी हितों की बात करने लगे हैं। हालांकि वोट किसे देते हैं या देंगे, इस सवाल पर लोग चुप्पी साध लेते हैं, लेकिन तीन दिन पहले तक जहां लोग वोट के प्रति नकारात्मक नजरिया रख रहे थे, वहीं अब वे वोट डालने के लिए उत्सुक नजर आने लगे हैं। वे मानते हैं कि उनके रुख में यह बदलाव पीएम मोदी को सामने से देखने और उनकी बातें सुनने के बाद आया है। लोग झारखंड के पिछड़ेपन पर चिंता जताते हैं और कहते हैं कि देश के साथ-साथ राज्य का विकास भी बेहद जरूरी है।

कोडरमा संसदीय क्षेत्र में पीएम मोदी की यात्रा का सीधा असर अब जमीन पर भी दिखने लगा है। बिरनी की सभा में कही गयी उनकी बातों की गूंज जरूर सुनाई देती है। कोडरमा से गिरिडीह जानेवाले रास्ते पर पहले भाकपा माले के साथ-साथ झामुमो और कांग्रेस के समर्थकों से मुलाकात होती थी, अब लगता है स्थिति बदल गयी है। लोग अब अन्नपूर्णा देवी को लेकर सकारात्मक बातें करने लगे हैं।

कोडरमा लोकसभा सीट से केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन ने बगोदर के माले विधायक विनोद सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर बागी झामुमो नेता और पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा के नामांकन ने चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। जयप्रकाश वर्मा के मैदान में उतरने से कुछ घाटा अन्नपूर्णा देवी को, तो कुछ विनोद सिंह को भी होगा।





### पीएम की सभा के बाद अचानक बदला माहौल

दरअसल, दो दिन पहले तक कोडरमा का चुनावी माहौल भाजपा की तरफ झुका हुआ नहीं दिख रहा था। झुमरी तिलैया से लेकर कोडरमा बाजार तक, जो अन्नपूर्णा देवी के प्रभाव वाला इलाका माना जाता है, लोगों में चुनाव और मतदान के प्रति कोई उत्सुकता नहीं थी। लेकिन मोदी की यात्रा के बाद अब लोग चुनाव परिणाम की बात करने लगे हैं।

### भाजपा का गढ़ रहा है कोडरमा

1977 में अस्तित्व में आयी कोडरमा लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। इनमें से सिर्फ तीन बार कांग्रेस को जीत मिली, जबकि सबसे ज्यादा आठ बार भाजपा ने बाजी मारी। भाजपा के टिकट पर रीतलाल वर्मा पांच बार सांसद रहे। वह 1999 का चुनाव हार गये। 2004 में भाजपा के टिकट पर बाबूलाल मरांडी मैदान में उतरे। उस समय सत्ता विरोधी लहर के बावजूद पूरे झारखंड में भाजपा एकमात्र यही सीट बचा सकी थी। 2009 में बाबूलाल मरांडी भाजपा से अलग होकर जेवीएम के टिकट पर चुनाव लड़े और कोडरमा से दूसरी बार जीते। 2014 के मोदी लहर में भाजपा उम्मीदवार रवींद्र राय कोडरमा से सांसद चुने गये।

बिहार के पूर्व मंत्री रमेश यादव की मौत के बाद उनकी पत्नी अन्नपूर्णा देवी ने 1998 में राजनीति में एंट्री ली। उस समय कोडरमा में हुए उपचुनाव में जीत कर वह पहली बार राजद की विधायक बनीं। अन्नपूर्णा देवी भाजपा के टिकट पर 2019 का लोकसभा चुनाव जीत गयीं।

### कोडरमा का सियासी गणित

कोडरमा लोकसभा में छह विधानसभा सीटें हैं। इसमें से तीन कोडरमा, धनवार और जमुआ भाजपा के खाते में है। बगोदर में माले और बरकट्ठा सीट पर निर्दलीय विधायक अमित कुमार का कब्जा है, जबकि गांडेय में उपचुनाव होने जा रहा है। अमित कुमार भले ही निर्दलीय विधायक हैं, लेकिन वह पूरी तरह से भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। जानकी यादव के झामुमो में जाने के बाद अमित कुमार के सामने दूसरा रास्ता भी नहीं है। यादव, मुस्लिम और पिछड़ा बहुल कोडरमा में भाजपा ओबीसी, वैश्य और अगड़ी जातियों के समर्थन से कांग्रेस-राजद और लेफ्ट के एमवाइ समीकरण पर हमेशा भारी रही है। 2019 में भाजपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ीं अन्नपूर्णा देवी को उस समय यादव वोटर के ध्रुवीकरण का फायदा मिला था। तब भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत मिली थी। पिछले चुनाव में अन्नपूर्णा देवी के हाथों मात खाने वाले बाबूलाल मरांडी इस चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। ऐसे में कोडरमा के मैदान में भाजपा को टक्कर देना आसान नहीं है।

### कोडरमा का सामाजिक ताना-बाना

कोडरमा लोकसभा सीट की कुल आबादी की बात करें, तो यह 28 लाख 27 हजार 701 है। यहां की लगभग 93.52 फीसदी आबादी गावों में रहती है, वहीं 6.48 फीसदी आबादी शहर में रहती है। जातीय समीकरण की बात करें, तो यहां पर एससी समुदाय की आबादी 14.05 प्रतिशत है और एसटी समुदाय की आबादी 5.96 प्रतिशत है। बिहार और झारखंड की सीमा पर कोडरमा होते हुए ही झारखंड में प्रवेश मिलता है। इसलिए कोडरमा को 'गेटवे ऑफ झारखंड' भी कहा जाता है। कुछ महीने पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कोडरमा के रास्ते ही झारखंड में दाखिल हुई थी। तब कांग्रेस समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा था। ऐसे में विपक्षी गठबंधन को कड़ी टक्कर की उम्मीद थी, लेकिन अब यह साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल बना दिया है। लोग कहते हैं कि अन्नपूर्णा देवी ने अपनी पूरी क्षमता से काम तो किया, हालांकि जितना विकास होना चाहिए था, नहीं हुआ, तो इसके लिए राज्य सरकार भी बराबर की जिम्मेवार है। लेकिन भाजपा के लोग स्वीकार करते हैं कि तमाम अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अन्नपूर्णा देवी के सामने भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

# पीएम बनने के बाद गहना नहीं खरीदा, एक प्लॉट था, उसे भी दान दिया

## शपथ पत्र में पीएम मोदी ने बताया, 17 साल में सात गुना हुई संपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने मंगलवार को अपना नामांकन कर दिया। वाराणसी में पीएम के नामांकन में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और भाजपा और एनडीए के नेताओं ने भी शिरकत की। पीएम ने वाराणसी से नामांकन दाखिल करने के बाद शपथ पत्र में अपनी संपत्तियों की जानकारी दी है। इसके अनुसार बीते पांच साल में उनकी संपत्ति में 51 लाख रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। हलफनामे के अनुसार प्रधानमंत्री के नाम कोई जमीन, घर, कार और अन्य वाहन नहीं है।

### वर्षों से पहन रहे सोने की चार अंगूठियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास सोने की चार अंगूठियां हैं। इनका कुल वजन 45 ग्राम है, जिनका कुल बाजार मूल्य 2,67,760 रुपये बताया गया है। 2019 और 2014 के चुनावी हलफनामे में भी प्रधानमंत्री ने अपने पास चार अंगूठियां होने का जिक्र किया है। 2019 में इसकी कीमत 1,13,800 रुपये थी। वहीं, 2014 में 1,35,000 रुपये थी। 2012 के गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री ने इन अंगूठियों को जिक्र किया था। तब इनकी कुल कीमत 1,23,777 रुपये बतायी गयी थी।

### 2002 में खरीदा था 3531.45 वर्ग फीट का प्लॉट, 2024 में कर दिया दान

प्रधानमंत्री मोदी ने 2002 में गांधीनगर में एक प्लॉट खरीदा था। 3531.45 वर्ग फीट के इस प्लॉट के एक चौथाई के हिस्सेदार थे। उस वक्त इस प्लॉट का खरीद मूल्य 1,30,488 रुपये था। 2019 के चुनावी हलफनामे में प्रधानमंत्री ने इस प्लॉट का कुल बाजार मूल्य एक करोड़ 10 लाख रुपये बताया था। मार्च 2024 में सामने आयी खबरों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने नाद ब्रह्मा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन म्यूजिक की इमारत की स्थापना के लिए भूखंड दान कर दिया। इस भूखंड में एक हिस्सा दिवंगत भाजपा नेता अरुण जेटली का भी था।

### बीते वर्षों में नरेंद्र मोदी की संपत्ति बढ़ी

2024 लोकसभा चुनाव के लिए दाखिल हलफनामे में प्रधानमंत्री ने अपनी कुल संपत्ति 3.02 करोड़ रुपये की बतायी है। 2019 के चुनाव में पीएम ने 2.51 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। 2014 में जब नरेंद मोदी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़े थे, तब उन्होंने 1.65 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2012 में नरेंद मोदी ने मणिनगर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। तब उन्होंने 1.33 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। 2007 में भी नरेंद मोदी ने मणिनगर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। तब उन्होंने 42.56 लाख रुपये की संपत्ति बतायी थी। बीते 17 साल में प्रधानमंत्री की संपत्ति सात गुना हो गयी है।

**प्रधानमंत्री की सालाना कमाई**

कमाई की बात करें, तो 2018-19 में प्रधानमंत्री की कुल कमाई 11.14 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में बढ़ोत्तरी हुई। 2019-20 में यह बढ़कर 17.20 लाख रुपये हो गयी। 2020-21 में नरेंद्र मोदी की कमाई में मामूली कमी आयी और यह 17.07 लाख रुपये रह गयी। वहीं, 2021-22 में प्रधानमंत्री की कमाई में कमी हुई और यह घटकर 15.41 लाख रुपये रह गयी। 2022-23 में इसमें बढ़ोत्तरी हुई और यह 23.56 लाख रुपये हो गयी।

शपथ पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया है कि इस समय उनके पास महज 52,920 रुपये नकद हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बैंक खातों और एफडी के रूप में 2.86 करोड़ रुपये जमा हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री के निवेश के रूप में नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट में 9.12 लाख रुपये जमा हैं। इस तरह से प्रधानमंत्री के पास कुल 3.02 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। हलफनामे के अनुसार प्रधानमंत्री की कोई अचल संपत्ति नहीं है।

### मोदी की कमाई का जरिया

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यलय से मिलने वाले वेतन और व्याज से होने वाली कमाई को अपनी आमदनी का जरिया बताया है। नरेंद्र मोदी ने साल 1978 में दिल्ली विश्वविद्यालय से बीये की डिग्री ली। वहीं, 1983 में गुजरात विश्वविद्यालय से एमए किया है।

## कांग्रेस की होगी करारी हार, संवैधानिक रूप से विपक्ष भी नहीं बन पायेगी: मोदी



मुंबई। लोकसभा चुनाव के चार चरण के लिए मतदान हो चुके हैं। तीन चरण अब भी शेष हैं। चुनाव जीतने के लिए सभी दल जोर लगा रहे हैं। नेता एक-दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने नासिक के डिंडोरी में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उसका संविधान के तहत विपक्ष बनना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए, मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेंगी। जब ऐसा होगा, तो मुझे सबसे अधिक बाला साहब ठाकरे याद आयेंगे। बाला साहब कहते थे कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि शिवसेना कांग्रेस बन गयी है, उस दिन वे शिवसेना को खत्म कर देंगे। मतलब अब नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा। सभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ एक ही है- उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया। इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाये। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है। चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि आपने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। मैं अब आपसे अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैंने पिछले 10 साल में बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, नल का पानी, पक्के घर और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये हैं।

# अमित शाह 17 को, पीएम 19 को आयेंगे झारखंड

- शाह रांची में रोड शो और बोकारो में चुनावी सभा करेंगे
- प्रधानमंत्री 19 को घाटशिला में चुनावी सभा करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह17 मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची आयेंगे। वह रांची में रोड शो और बोकारो में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। शाह 17 मई को सांसद और बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। साथ ही लोगों से बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे। वहीं, 18 मई को बोकारो में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले अमित शाह ने झारखंड में पहले और देश के चौथे चरण के चुनाव से पहले खूंटी में चुनावी सभा की थी।

19 को पीएम मोदी का दौरा

इधर 19 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड पहुंचेंगे। वह जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला में रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में चार चुनावी सभा और राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। उनकी चाइबासा, पलामू, गुमला, चतरा और गिरिडीह में चुनावी सभा हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश बीजेपी ने तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी नेताओं को जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

# इंडी गठबंधन धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहता है : रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता सह अनुसूचित जाति समन्वय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक ने कहा कि आज देश में दो विचारधारा के बीच चुनाव हो रहा है। एक संविधान और आरक्षण बचाने का, तो दूसरा धार्मिक आधार पर आरक्षण देने का। उन्होंने कहा कि देश के बहुसंख्यक समाज एनडीए गठबंधन के पक्ष में है, लेकिन इंडी



गठबंधन के नेता तुष्टिकरण की राजनीति में आरक्षण काटकर मुस्लिम को देना चाहते हैं।

## संवाददाता सम्मेलन : कांग्रेस पर साधा जम कर निशाना

# घुसपैठ नहीं रुकी तो झारखंड में अल्पसंख्यक बन जायेंगे मूल निवासी : हिमंता बिस्व सरमा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि पिछले 40 साल से असम में घुसपैठ हो रही थी। वर्तमान में आसामी अपनी पहचान खो चुके हैं। असम ने पहले गलती कर ली। झारखंड ऐसी गलती ना करे। समय रहते अगर रोक लगी होती तो आज असम की यह स्थिति नहीं होती। झारखंड में घुसपैठ पर अगर रोक नहीं लगी, तो 20 साल में यहां के मूलवासी अल्पसंख्यक बन कर रह जायेंगे। यह भाजपा के लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है। झारखंड के भविष्य का सवाल है। यह कैंसर है। इसे अगर रोका नहीं गया, तो यहां के मूलवासी को पूरी तरह से खा जायेंगे। सरमा बुधवार को रांची में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि 400 पार आने पर मथुरा और काशी में भी मंदिर का निर्माण होगा। पीओके का भारत में विलय होगा। वर्ष 2047 तक देश विकसित बन जायेगा। इसकी पहल हो चुकी है। 2029 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। भारत में चुनाव विकास के साथ अस्मिता के लिए भी लड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीओके को भूल चुकी है। भाजपा का मानना है पाकिस्तान के पास कोई कश्मीर नहीं होना चाहिए। मोदी सरकार ने कश्मीर में सीटों का परिसीमन किया है। इसमें पीओके के लिए भी विधायकों का प्रावधान रखा गया है। वहां से भी विधायक होंगे। इस बार 400 सीट आते ही पीओके भारत का अंग बन जायेगा।

### अभी कई और आलमगीर गिरफ्तार होंगे

**सरमा ने कहा कि इडी और सीबीआइ को मजबूत करने के लिए 400 सीट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में अभी और आलमगीर आलम गिरफ्तार होंगे। यह तो महज झलकी है। अब किसी आलम के घर इतनी रकम जमा नहीं होगी।**

**संविधान में सुधार की जरूरत :** असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासन में एक कानून बना। उसमें कहा गया है कि राम मंदिर पर चर्चा नहीं होगी। काशी और मथुरा पर चर्चा नहीं हो सकती है। यह कानून भगवान की जन्मभूमि में मंदिर की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने कहा कि देश में धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था लागू है। इसके तहत देश में कोई पर्सनल लॉ नहीं हो सकता है। मुसलमान शरिया मानते हैं। देश का कानून इसकी इजाजत देता है। वह बाल विवाह करते हैं। चार शादी करते हैं। बाप की संपत्ति में बेटी को अधिकार नहीं देते। इसमें सुधार के लिए यूसीसी लाना होगा। यह काम 400 सीट पार होने पर मोदी सरकार करेगी।

**पांच हजार साल से भारत हिंदू का देश है :** सरमा ने कहा कि राहुल गांधी अभी संविधान लेकर घूमते हैं। यह संविधान लाल रहता है। लाल रंग का संविधान चीन का हो सकता है, भारत का नहीं हो सकता है। भारत के संविधान के हर पृष्ठ पर राम-कृष्ण की फोटो है। राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी सरकार आने पर पर्सनल लॉ को मजबूत किया जायेगा। संविधान में लिखा है कि किसी के लिए पर्सनल लॉ नहीं हो सकता है। शरिया कानून नहीं हो सकता है। संविधान को लागू करने के लिए इस बार एनडीए को 400 सीट चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान के मुताबिक आरक्षण एसटी, एससी और ओबीसी को दिया जाना है। आरक्षण जाति के आधार पर होगा, धर्म के आधार पर नहीं होगा। यहां बैक डोर से मुसलमान को आरक्षण दिया जा रहा है। मुस्लिम आरक्षण खत्म करने के लिए 400 सीट चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का बंटवारा हिंदू मुस्लिम के आधार पर हुआ है। अभी मामला पूरी तरह से सुलझा नहीं है। बहुसंख्यक आबादी देश में खतरे में है। पांच हजार साल से भारत हिंदू का देश है। हिंदू ही देश को गौरवशाली बनायेगा। हिंदू को ठंडा नहीं होने दे।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद भी मौजूद थे।

## गांडेय विधानसभा में पीएम पर जम कर बरसे राजद नेता

# दुनिया के सबसे झूठे नेता हैं नरेंद्र मोदी : तेजस्वी यादव

### दो गुजराती चाहते हैं बिहारी-झारखंडी को डराना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांडेय/ गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि मोदी दुनिया के सबसे झूठे प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने 10 साल पहले प्रत्येक वर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने, कालाधन वापस लाने और हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपये देने समेत अन्य वादे किये थे, मगर उन्होंने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। अब 2024 के चुनाव का जब समय आया है, तो मोदी लोगों को मंगल सूत्र और भैंस छीनने का डर दिखा रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि एक प्रधानमंत्री के मुंह से इस तरह की बातें काफी हैरान करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 10 सालों में देशहित और जनहित में कोई काम नहीं किया और पांच साल और मांग रहे हैं। पीएम मोदी 22 साल के युवाओं को रिटायर कर रहे हैं, मगर खुद 70 साल के होने बाद भी पांच साल का समय और मांग रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार ने बिहार और झारखंड को स्पेशल पैकेज देने की बात की थी, मगर उनसे हाथ नहीं मिलाने पर झारखंड-बिहार को वंचित रखा गया। भाजपा पर तंज कसते हुए तेजस्वी ने कहा कि महंगाई पहले उनके लिए डायन थी, मगर अब महबूबा हो गयी है। उन्होंने कहा कि मंगल सूत्र की बात करने वाले मोदी युवाओं को बेरोजगार रख कर मंगल सूत्र पहनाने का मौका ही नहीं दे रहे हैं और मंगल सूत्र छीनने की बात कर रहे हैं। दो गुजराती मिलकर देश की जनता को डराना चाहते हैं, मगर झारखंड और बिहार के लोग डरने वाले नहीं हैं।



### हर गरीब को पक्का मकान और असहाय को मदद देना है हमारी सोच : चंपाई सोरेन

सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने कहा देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ इंडिया गठबंधन एकजुट है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। सीएम ने कहा गांडेय विस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सोच बेरोजगारों को नौकरी, असहाय को मदद करना है। हमारी सरकार में कोई बेघर नहीं रहेगा, हर गरीब को अबुआ आवास दिया जायेगा। गरीब बच्चों को अच्छी पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जा रही है।

### देश की जनता और भाजपा के बीच है चुनाव : कल्पना

सभा में गांडेय विस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा यह चुनाव केंद्र की बीजेपी सरकार और देश की जनता के बीच है। जनता के हक-अधिकार, संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। कल्पना ने कहा भाजपा देश के आम-अवाम के मुद्दों पर बात नहीं कर बेकार के मुद्दो में जनता को उलझाने का काम कर रही है। जनता और जनता के सपनों से जुड़े मुद्दों की बात इंडिया गठबंधन के लोग कर रहे हैं और आपके सपनो को साकार करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के 20 साल पर हेमंत सरकार के चार साल का कार्यकाल भारी है। भाजपा ने राशन कार्ड, आवास योजना काटने का काम किया, तो हेमंत सरकार ने लोगों को राशन और घर देने का काम किया। मनरेगा के पैसे को केंद्र ने रोका, मगर हेमंत सरकार ने अलग-अलग योजनाएं किसानों के



लिए संचालित की. कहा हेमंत सरकार के चार साल के कार्यकाल में झारखंड में विकास की एक लकीर खींचने का काम किया है। उन्होंने भाजपा के तानाशाही के खिलाफ लोगों को विकास के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की।

# बाबूलाल मरांडी आज राजमहल लोकसभा में करेंगे दो जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 16 मई को राजमहल लोकसभा में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। पहली जनसभा साहिबगंज जिले के बोरिया स्थित जिरूल मैदान में 12:00 से है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, बोरियो विधानसभा संयोजक कृपानंद



मंडल, बोरियो विधानसभा प्रभारी बबलू भगत भी मौजूद रहेंगे। श्री मरांडी पाकुड़ जिले के कोटाल पोखर के उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को दोपहर 1.30 बजे से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी, पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, पाकुड़ विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, पाकुड़ विधानसभा संयोजक बाबूधन मुर्मू, पाकुड़ विधानसभा सहसंयोजक अनुग्रहित प्रसाद साह और श्यामल दास भी मौजूद रहेंगे।

# इडी ने कारोबारी विष्णु अग्रवाल के न्यूक्लियस मॉल में की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कारोबारी विष्णु अग्रवाल के न्यूक्लियस मॉल में इडी की टीम ने छापा मारा। बुधवार को इडी की टीम लालपुर स्थित मॉल पहुंची। बता दें कि पूछताछ के लिए हिनू स्थित इडी ऑफिस पहुंचे कारोबारी विष्णु अग्रवाल को 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। फर्जी दस्तावेज के सहारे चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।




इडी ने जांच में पाया कि विष्णु अग्रवाल ने चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की खरीदारी जिन कागजातों के आधार पर की, उसके मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी है। इडी ने बड़गाईं अंचल कार्यालय और कोलकाता स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वे करने के बाद जमीन से संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिये थे।

जांच में जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ करने, पहले की लिखावट को मिटा कर उसकी जगह दूसरे तथ्यों को जोड़ने की पुष्टि की गयी। इडी ने जांच में पाया कि जालसाजों ने कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को जमीन का फर्जी मालिक बनाया। इसके बाद गंगाधर राय के पोते राजेश राय से जमीन की खरीद बिक्री के लिए इम्तियाज अहमद और भरत प्रसाद ने पावर ऑफ अटॉर्नी ली। इन दोनों ने यह जमीन पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव को बेची। जमीन का सौदा 1.50 करोड़ रुपये में हुआ, लेकिन राजेश राय को सिर्फ 25 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शेष 1.25 करोड़ रुपये के फर्जी भुगतान का दावा किया गया। 15 लाख रुपये का भुगतान जालसाज गिरोह के सदस्यों को किया गया। इसके बाद पुनीत भार्गव ने यह जमीन व्यापारी विष्णु अग्रवाल को 1.87 करोड़ रुपये में बेची। इस रकम में से 1.50 करोड़ रुपये प्रेमप्रकाश को ट्रांसफर किये गये। फिलहाल विष्णु अग्रवाल जमानत पर हैं।

### केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ तस्वीर वायरल

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ रांची में जमीन घोटाले के आरोपी और जमानत पर रिहा विष्णु अग्रवाल की एक तस्वीर वायरल हुई। इस तस्वीर में विष्णु अग्रवाल निर्मला सीतारमण को फूलों का गुलदस्ता देते नजर आये।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

**आम सूचना**

कोई मतदाता न छूटे

**लोकसभा आम निर्वाचन - 2024**
**पांचवां चरण**
**मतदान की तिथि - 20 मई, 2024**

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु 04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है :-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक के नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04 - चतरा | Nikhil Nirmal Mob.: 6204946414 | Gopesh Agrawal Mob.: 6206496097 | Saikat Basu Mob.: 6200319653 |
| 2. | 05 - कोडरमा | Alok Kumar Singh Mob.: 9304674574 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Gandhi Donthi Mob.: 8294677561 |
| 3. | 14 - हजारीबाग | Chandramauli Shukla Mob.: 8987796320 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Rajesh Vithalrao Shelke Mob.: 8987833278 21- Barhi, 22- Barkagaon & 25- Hazaribagh AC<br>Tangirala Muralidhar Mob.: 8092559737 23- Ramgarh & 24- Mandu AC |

04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - 1950 / 1800-331-1950

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड

इस बार दिन भर मतदान
सुबह 07 से 05 बजे शाम।

P.R. 324845(Election) 24-25

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में धरमपुर के रोहित ने जीता गोल्ड मेडल



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** बिहार राज्य के सिवान जिले में हुई राज्य स्तरीय मिस्टर बिहार प्रतियोगिता में वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग में कोडरमा जिले के सुदूरवर्ती सतगावां प्रखंड के माधोपुर पंचायत के धरमपुर गांव के रोहित कुमार पिता उपेंद्र विश्वकर्मा ने गोल्ड मेडल, ट्रॉफी जीतने के साथ-साथ प्रमाणपत्र हासिल कर अपने सतगावां और कोडरमा जिले के साथ-साथ राज्य झारखंड का नाम रोशन किया। परिजनों के साथ-साथ सतगावां में हर्ष का माहौल है। परिजनों, प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गोल्ड मेडल जीतने वाले रोहित कुमार को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय हो कि पिछले दिनों 9-10 मई को बिहार राज्य के सिवान जिले में राज्य स्तरीय आयोजित मिस्टर बिहार प्रतियोगिता में वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग में खिलाड़ियों ने भाग लिया जिन खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता है वे राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ी रोहित कुमार ने बेंच फ्रेश में वैट 52-60 केजी प्रथम स्थान लाकर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, ट्रॉफी के साथ साथ प्रमाणपत्र हासिल किया। वहीं गोल्ड मेडल जीतने और प्रमाणपत्र मिलने पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह और ग्रामीणों ने रोहित कुमार को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। रोहित कुमार ने बताया कि उन्होंने मैट्रिक की पढ़ाई झारखंड बोर्ड से 2016 में हुई उसके बाद आइटीआइ की परीक्षा 2018 में पास किया उसके बाद रोपवे में जॉब कर रहे हैं। रोहित ने इस सफलता का श्रेय अपने माता, पिता के अलावे परिजनों के साथ अपने गुरुजनों को दी है।

## एंजल्स हाइ स्कूल के निखिल कुमार कला संकाय में बने टॉपर





**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग का एंजल्स हाई स्कूल लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में कला संकाय में निखिल कुमार ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अव्वल स्थान प्राप्त किया है। निखिल ने यह उपलब्धि दो अन्य प्रतिभावान छात्रों के साथ साझा की है। निखिल कुमार ने यह उपलब्धि एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा की सुरभि मित्तल और लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादमी, कोलकाता की वंशिका कोठारी के साथ साझा की है। तीनों प्रतिभाशाली छात्रों ने सीबीएसइ 12वीं कला वर्ग बोर्ड परीक्षा 2024 में समान रूप से 99.20 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। यह उपलब्धि एंजल्स हाई स्कूल की निरंतर प्रगति का प्रमाण है। 2008 में स्थापित इस विद्यालय ने महज कुछ ही वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनायी है। स्कूल का पहला बैच वर्ष 2015 में 10वीं बोर्ड और 2017 में 12वीं की परीक्षा में शामिल हुआ था। इसके बाद से विद्यालय लगातार नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विद्यालय के छात्र ने न केवल जिला व राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराया है। विद्यालय की निदेशिका निशा जायसवाल ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने छात्रों की सफलता पर अत्यधिक गर्व है। यह उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का ही परिणाम है। शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पदाधिकारी-कर्मियों के साथ मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मुहैया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जा रहा है। अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा में बनाये गये मतदान सुविधा केंद्र में चुनाव कार्य में लगे सभी कोषांग के पदाधिकारी और कर्मचारियों के साथ साथ चुनाव कार्य में लगे कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया। मतदान के बाद सभी कर्मियों की अंगुलियों पर अमिट स्याही भी लगायी गयी।

### जेपी पटेल के समर्थन में हजारीबाग पहुंचे तेजस्वी यादव, कहा

# भाजपा सिर्फ नफरत की राजनीति करती है

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** छड़वा मैदान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पहुंचे। भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा की भाजपा और मोदी को बेड रेस्ट में भेजना है। भाजपा के पास हिंदू- मुस्लिम, मंदिर- मस्जिद, सनातन- इस्लाम के अलावा कुछ नहीं है। भाजपा सिर्फ नफरत की राजनीति करती है। तेजस्वी ने कहा की पीएम मोदी इतना झूठ बोलते हैं कि गोबर को भी हलवा बता देते हैं। लोगों को बाटों और राज करो यही उनका काम है। मोदी जी काम की बात कभी नहीं करते। हर चीज संभव है इस दुनिया में मगर, मोदी जी के मुंह से काम और मुद्दे की बात सुनना संभव नहीं है। पीएम मोदी कही जाते हैं तो यह नहीं कहते की अगर जीत कर जायेंगे तो अगला पांच साल क्या करेंगे या दस साल का हिसाब कही दिया हो, कभी जन मुद्दो की बात नहीं करते। तेजस्वी ने कहा की परिवर्तन की हवा चल रही है आप सब इसमें भागीदार बनिये और झारखंड की चौदहों सीट के साथ हजारीबाग की सीट पर जय प्रकाश भाई पटेल को जिताइये। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की जो आपको नहीं बचा पा रहे वो देश बचाने की बात कर रहे। भाजपा ने किसी को नहीं छोड़ा है। जब मेरा नाम उम्मीदवार के रूप में आने लगा तो मेरे घर पर इडी की रेड मरवा दी गयी। मुझे एक सप्ताह तक दिन रात तक परेशान किया गया। लेकिन मैं इडी और सीबीआइ से डरने वाली नहीं। बरही विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने कहा की हजारीबाग में भाजपा को हराना है। जनता ने कमर भी कस लिया है। मनीष जायसवाल 10 साल से विधायक है मगर इन दस साल में सिर्फ अपना विकास किया क्षेत्र का नहीं। पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा की इस बार का चुनाव इंडिया गठबंधन की ओर से जनता खुद चुनाव लड़ रही है, जिसमें जनता की जीत होगी। कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा की हर तरह भाजपा से लोग खफा है और महागठबंधन की ओर लोगों का झुकाव है। मुन्ना सिंह ने कहा की हजारीबाग का चुनाव धनबल और जन बल की लड़ाई है, जिसमें जन बल के रूप में जेपी पटेल की जीत होगी। एक ओर व्यवसाई है दूसरी ओर आंदोलनकारी का बेटा है, चुनना आपको है। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और मंच संचालन राजद के संजर मल्लिक और कांग्रेस के साजिद अली खान और धन्यवाद ज्ञापन राजद के जिला अध्यक्ष हीरामन यादव ने किया। मौके पर प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, कोडरमा के प्रत्याशी बिनोद सिंह, लोकसभा प्रभारी अशोक चौधरी, जिला प्रभारी अजय सिंह, उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, आशीष सहाय, शशि मोहन सिंह, अवधेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, रेनू कुमारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल ने चौपारण और बरही में किया रोड-शो, मांगा वोट, उमड़ा जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल तथा पूर्व विधायक मनोज यादव ने चौपारण बाजार और बरही में बुधवार को रोड शो किया। मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के पहुंचे महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी साथ रहें।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने लोगों से मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि देश की मजबूती के लिए, विश्व में भारत के बढ़ते कदम के लिए तथा मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता अपना आशीर्वाद भाजपा को दें। मनीष जयसवाल ने कहा कि जनसेवा के माध्यम से लोगों की सहायता करने का दौर जारी रहेगा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि भाजपा सभी वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। रोड शो की शुरुआत केंदुआ मोड से हुई। इस दौरान चैथी मोड, तेतरिया मोड, मरहेडी, ताजपुर, ब्लाक मोड, गांधी स्मारक,बस स्टैंड, चतरा मोड तक पहुंचा। इस दौरान बाजार में व्यवसायी संघ द्वारा फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं प्रसिद्ध खीरमोहन व्यवसायी बिष्णु खीर मोहन के संचालक शंकर यादव ने भी सार्वजनिक रूप से प्रत्याशी मनीष जायसवाल और मनोज यादव को माला पहनाकर स्वागत किया। रोड शो के दौरान स्थानीय लोगों ने बीजेपी जिंदाबाद, मोदी का मनीष जिंदाबाद जमकर लगाया। रोड शो में लोगों का सैलाब उमड़ा। आगे बाइक सवार और उसके बाद इस क्षेत्र के महिला - पुरुष हाथों में भाजपा झंडा लहराते हुए नारा लगाते हुए चल रहें थे। उसके बाद खुली जिप पर सवार मनीष जायसवाल जीप से ही लोगों का अविवादन कर रहें थे । मौके पर विशेषरूप से चौपारण प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, मुखिया बिनोद सिंह, जिप सदस्य राकेश रंजन, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश साव, भाजपा नेता मुकुन्द साव, अर्जुन साव, सुनील साव, मुखिया रेखा देवी, बिरेन्द्र रजक, गदौरी दांगी, पप्पू रजक, मंटू सिंह, भरत सिंह, संजय गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा किये जाने का किया स्वागत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा डिजिटल प्लेटफार्म न्यूज क्लिक वेब पोर्टल के प्रधान संपादक और देश के जाने-माने पत्रकार और विज्ञानवेत्ता प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा किये जाने के आदेश का स्वागत किया है। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में उनकी गिरफ्तारी को न केवल अवैध माना बल्कि दिल्ली पुलिस द्वारा लगाये गये काले कानून युएपीए की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत उन्हें लंबे दिनों तक जेल में रखे जाने की साजिश को भी उजागर कर दिया है।

## मध्यप्रदेश के सीएम आज जयनगर में



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पीपचो पंडीयाडीह मैदान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव का चुनावी सभा 16 मई को प्रातः 9 बजे होगा। जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राणा ने बरकट्ठा विधानसभा के मतदाताओं और समर्थकों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हों।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे विभिन्न राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार के कार्यक्रमों में भी तेजी ला दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बेड़म पंचायत के पलमा, जुलमी, बेड़म में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। ग्रामीणों से मिलकर कार्यकर्ताओं ने कमल छाप पर वोट देने की अपील किया। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताकर देश की सुरक्षा, देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील किये। जनसंपर्क में मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, संतोष मंडल, मिथलेश पाठक, राजू यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, सुरेश कुशवाहा, तिलकराज सिंह, सूरज यादव समेत अन्य कार्यकर्ता थे। इन्होंने बताया कि मतदाता हमसब से आगे हैं, मतदाताओं द्वारा मोदी के पक्ष में खुद मत देने की बात कही जा रही है।

## जेपी पटेल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के समर्थम में कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान कहा कि जय प्रकाश भाई पटेल जमीन से जुड़े नेता है, हमेशा से जनता के बीच रहकर मांडू विधानसभा क्षेत्र में जनहित में अनेकों विकास कार्य किया है। उनके लोकसभा चुनाव जीतकर दिल्ली जाने के बाद जनता की संसद में गूंजेगी। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, प्रखंड सचिव संजय प्रजापति, महेंद्र कुमार, हीरामन महतो, महेंद्र राम, छोटू हंसदा, छत्रु हंसदा, दिनेश मंडल, जगरनाथ महतो, प्रकाश महतो आदि शामिल थे। हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ता का विशाल जनसभा, पहुंचे विधायक भानु प्रताप शाही, उमड़ा जनसैलाब

## हम पढ़ाई-लिखाई और रोजगार की बात करते हैं : भानू प्रताप शाही



**कटकमसांडी/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के समर्थन में बुधवार को भाजपा और आजसू के बैनर तले विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कटकमसांडी के बरिगड्डा मैदान में आयोजीत किया गया। जनसभा में भावनाथ पूर के लोकप्रिय विधायक भानु प्रताप शाही बतौर मुख्य अतिथि रूप से शामिल हुए। सभा में उपस्थित सभी नेताओं ने संबोधन कर मनीष जयसवाल को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने भी हाथों को उठाकर एवं गगनचुम्बी नारा लगाकर अपना समर्थन भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल को दिया। भानू प्रताप शाही को देख समर्थकों में जोश दोगुना हो गया था। उनके संबोधन के दौरान युवाओं की भीड़ देखने लायक थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेका नंद सिंह, संचालन मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव ने किया। मौके पर प्रदेश के ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रभारी टोनी जैन , केपी ओझा, विधायक प्रतिनिधी किशोरी राणा, कंडसार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, कंचनपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, एसीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अजीत दास, दिलीप कुमार रवि, युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक मेहता, सुमन राय, मुखिया आदित्य दांगी, गदोखर मुखिया नारायण साव, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता बिरेंद्र कुमार, बीरू कुमार, बिजुल देवी और सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उपेक्षित भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** उपेक्षित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रार्थमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष को भेजे इस्तीफा पत्र में उन्होंने कहा है कि भाजपा संगठन ने लगातार प्रताड़ित किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनावी कार्यक्रम से दूर किया गया। जबकि 24 वर्षो से पार्टी में समर्पण भाव से कार्य किया हुं। इस्तीफा देने वालो में शम्भू यादव (बनासो), कमरुल अंसारी, मो नासिर, आशिक अंसारी, मो दानिश रजा, मो तोहिद, शेख शफीक, शेख महफूज, हसरत खातून, कमली कुमारी, रोहित कुमार साव, पप्पू कुमार साव, जय कुमार आदि का नाम शामिल है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# मतदाता अपने घरों से निकलें और मतदान करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देश दिये कि सभी बीएलओ के साथ स्वयं सहायता समूह के दीदियों को लगायें और मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। आगामी 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन मतदाता अपने घरों से निकलें और मतदान अवश्य करें। वैसे तो मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए वाहनों की व्यवस्था की गयी, इसके अतिरिक्त मतदान केंद्र से अधिक दूरी पर रहने वाले मतदाताओं के लिए भी वाहनों की व्यवस्था की गयी है ताकि वे मतदान कर सकें। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, धूप से बचाव के लिए शेड, मिट्टी के घड़ो का शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चैयर और रैम्प की विशेष व्यवस्था की गयी है। चलने फिरने में बिल्कुल असमर्थ दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए उन्हें मतदान केंद्रों तक लाने हेतु विशेष वाहन की व्यवस्था की गयी है। मतदाताओं को पंक्तिबद्ध करने, दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए पर्याप्त संख्या में मतदान केंद्रों पर वॉलेन्टियर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील किया है कि आगामी 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपना बहुमूल्य वोट दें। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रशासक नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा व अन्य मौजूद रहे।

## मतदान करें और पर्यावरण का संदेश भी दें

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेशानुसार मतदान के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। ग्रीन बूथ की संकल्पना आधारित बूथ जहां नगर पंचायत कोडरमा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय एवं झुमरी तिलैया नगर परिषद् अंतर्गत जीरो प्लास्टिक संकल्पना आधारित मतदान केंद्र का थीम तैयार किया जा रहा है। दोनों अलग-अलग मतदान केंद्रों के लिए नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। इस बार मतदान हेतु समयावधि सुबह 7 बजे से 5 बजे तक निर्धारित की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि मतदान का समय पूरे दिन भर है, इसलिए मतदाता अपने घरों से निकलें और संबंधित मतदान पर जाकर मतदान अवश्य करें। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए मुक्कमल व्यवस्था की गयी है। शीतल पेयजल के साथ साथ गर्मी के बचाव के लिए शेड की व्यवस्था, दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए होम वोटिंग के साथ साथ उन्हें मतदान केंद्रों तक लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गयी है। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी। साथ ही निर्भीक, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए हर व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।हरेक वोट महत्वपूर्ण है, वोट अवश्य करें।

## जेपी पटेल के पक्ष में की गयी बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा से इडीया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष अंबाटोला गांव में महादेव हंसदा और कांग्रेस नेता रमेश भोक्ता के नेतृत्व में बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया।बैठक में चुनाव प्रचार को और तेज करने और डोर टू डोर घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में वोट मांगना है। रमेश सिंह भोगता ने जेपी पटेल के समर्थन में वोट मांगते हुए कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी को जिताना है। मौके पर आंगो पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि महादेव हंसना, रमेश सिंह भोगता, राजू मुंडा, बालेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, महावीर महतो, राजेंद्र भुईंया, विनोद हंसदा, सहदेव गंझू, गणेश गंझू, राम मांझी, अकल मांझी , महादेव महतो, जीतन मुंडा, कंदना मांझी सहित इंडिया गठबंधन के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25 September. 2018 of hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 211 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

*Name of the Election: **PARLIAMENTARY GENERAL ELECTION 2024**

Name of State/UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name Of Court. Case No. & Status Of the Case (S) | Section of the acts concerned & Brief Description of offence (s) | Name Of Court & Date (S) Of Order (S) | Description Of Offence(S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 09, Jamshedpur | Samir Kumar Mohanty | SDJM Ghatsila C. No. GR867/2021, Charged Framed on 05/01/2008 | 147, 149, 341, 383, 353, 431 IPC | N/A | N/A | N/A |
| 2 | | | SDJM, Sadar at Spl. Court for MP/ MLA, Chaibasa C.No. GR 23/2020, Charge Not Framed | 379, 384, 353 IPC | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency

JHARKHAND MUKTI MORCHA CENTRAL COMMITTEE

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 मई, 2024
www.azadsipahi.in



## दिव्यांगजनों ने सांसद के प्रति जतायी नाराजगी



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा जिला संघर्ष दिव्यांग संघ के बैनर तले जिला स्तरीय बैठक लोकाई फुटबॉल मैदान में की गयी। बैठक में सभी प्रखंड से दिव्यांगजन आये हुए थे। बैठक में सभी दिव्यांगों ने लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव के पांचवे चरण 20 मई को होने वाले मतदान के दिन मताधिकार में शामिल होकर मतदान करने का शपथ लिया। शपथ लेने से पूर्व दिव्यांगजनों ने अभी तक के चुने गये सांसदों के प्रति नाराजगी जतायी और कहा कि हमलोग प्रत्येक बार लोकसभा चुनाव में सांसद को चुनते आ रहे हैं लेकिन जीतने के बाद अभी तक कोई भी सांसद दिव्यांगजनों के रोजी रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान नहीं दिया है। इसलिए अब जो प्रत्याशी या पार्टी दिव्यांगजनों के विकास पर विशेष ध्यान देगा और बात करेगा वैसे प्रत्याशी को हमलोग मतदान करेंगे। बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र कुमार पंडित, संरक्षक और अधिवक्ता धीरजनाथ गोस्वामी, अजय यादव, सुरेंद्र यादव, सरजू साव, मो. असलम, ओमप्रकाश राम, संजय मोदी, अभिषेक कुमार सिंह, फरियाद अंसारी, राजन मेहता, फागू दास, दुर्गी दास, राजू कुमार दास, छोटेलाल मेहता, धर्मेंद्र शर्मा, आलोक कुमार, सुबोध पांडे, शशि चौधरी, पिंटू राणा, पंकज पंडित, जितेंद्र कुमार रवि, पम्मी कुमारी एवं दर्जनों की संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

# मनीष के पक्ष में सभा करते असम के सीएम



रजरप्पा के सीसीएल ग्राउंड में हजारीबाग के सांसद प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में हिमंत बिस्वा सरमा ने सभा की। इस अवसर पर मनीष जयसवाल, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सुनीता चौधरी और अन्य नेता



रजरप्पा में हिमंत बिस्वा सरमा का स्वागत करते भाजपाई

# पीएम ने नफरत की राजनीति कर देश को बांटने का काम किया है: तेजस्वी यादव

## गठबंधन की सरकार बनी, तो युवाओं को एक करोड़ नौकरी

**पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर, दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में हिन्दू - मुसलमान के बीच नफरत की राजनीति कर देश को बांटने का काम किया है। जिनके शासनकाल में युवाओं को बेरोजगारी में ढकेला गया है। भाजपा सरकार में महंगाई महबूबा बन गयी है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने हंटरगंज राम नारायण पल्स टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के लिए समर्थन मांगा और भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। श्री यादव ने कहा कि अगर केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो देश के एक करोड़ युवाओं को नौकरी दी जायेगी। सभी लोगों को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त और पांच सौ रुपये में गैस सलेंडर समेत अन्य बुनियादी सुविधा मुहैया करायी जायेगी। मंच संचालन राजद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने किया।

इस मौके पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव, पूर्व विधायक संजय यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, रेशमी प्रकाश, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, उज्जवल यादव, राजद जिला अध्यक्ष, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दूबे, सीपीआइएम जिला मंत्री राजकुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, युवा जिला अध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार, बीस सूत्री के जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, बिनय यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## कायस्थ महापरिवार की बैठक में भाजपा के निर्णय का किया गया स्वागत



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कायस्थ महापरिवार की एक बैठक बुधवार को ला मैरिटल होटल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव ने किया। बैठक में राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कायस्थ समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुन्ना श्रीवास्तव ने कहा कि आज झारखंड प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव में हमारे कायस्थ परिवार के संजय श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने यहां अपना चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर को बनाया है। जिससे कांग्रेस की मानसिकता साफ झलकती है। कायस्थ समाज कभी विरोधी कार्य नहीं करती है। देश हित में हम हमेशा सोचते हैं और सशक्त भारत के निर्माण में हमारे समाज की भागीदारी हमेशा रही है। मजबूत भारत के लिए हमने यह फैसला लिया है कि रामगढ़ जिले के सभी कायस्थ परिवार भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना मतदान कर-के 20 मई को भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करेंगे । जिससे विकसित भारत का संकल्प पूरा हो। बैठक में सूर्यवंश श्रीवास्तव,सुबोध कुमार सिन्हा, अंजू सिन्हा,रवि कुमार सिन्हा, वृज लाल सिन्हा, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, संजीव कुमार सिन्हा ,विकास कांत सिन्हा, सुमित कुमार अम्बस्त , सुनिल कुमार सिन्हा, चंद्रवंश श्रीवास्तव,सागर श्रीवास्तव, शिव शेखर श्रीवास्तव सहित कई चित्रांश उपस्थित थे।

## चैंबर ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को बाजार समिति में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चैंबर के पदाधिकारियों ने 20 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आग्रह किया। मतदाता जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिपश्री, रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष मंजीत सहानी, मानद सचिव मानु चतुवेर्दी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, कार्यकारिणी सदस्य अमित साहु, उपसमिति के सभापति कमल शर्मा, प्रदीप बरेलिया, मनोज बंसल, उमा अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, मंटू साहू, विनोद साहू, जयप्रकाश बंसल, संजय गोयल, सतीश चौधरी, गोपाल साहू आदि उपस्थित शामिल थे।

## बीएलओ के साथ बीडीओ ने की बैठक

मांडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय मांडू के सभागार में बुधवार को बीएलओ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाड़ी ने किया। बैठक में बीडीओ ने सभी बीएलओ को मतदाता सूचना पर्ची वितरण और बीएलओ को मिलने वाले राशि से मतदान केंद्र में की गई साफ सफाई और पीने का पानी की व्यवस्था की समीक्षा की गयी। इसके उपरांत बीएलओ के बीच पोस्टर और मतदाता सूची का वितरण किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी, सुमित कुमार, अजीत कुमार, जानकी देव नायक, प्रदीप कुमार, अमित कुमार, अजीत कुमार, राजेश हांसदा, अमित गुप्ता, विकास कुमार, मो सरफराज, रेखा देवी, अर्मिला देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में दो छात्रा की मौत, 4 घंटे रही सड़क जाम

**हिट एंड रन के तहत मिलेगी मुआवजा राशि : सीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के समीप हुई सड़क दुर्घटना में दो छात्राओं की मौत हो गयी। यह घटना बुधवार सुबह 8 बजे की है। जानकारी के अनुसार सेरनदाग निवासी प्रमोद साव की 11 वर्षीय पुत्री कृति कुमारी और केशव साव की 10 वर्षीय पुत्री उमा कुमारी विधालय के गेट समीप ही सिमरिया की ओर जा रहे तेज रफ्तार स्कार्पियों जेएच 01 डीपी 1991 ने दोनों को अपने चपेट में ले लिया। जहां स्थानीय लोगों में चीत्कार मच गया। वहीं स्थानीय लोगों और परिजनों ने गंभीर अवस्था में इलाज के लिये हजारीबाग ले जाने लगे। इस दौरान रास्ते में हीं कृति कुमारी की मौत हो गयी। जबकि दूसरी छात्रा इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने चालक सहित अन्य दो सवारों को अपने कब्जे में रखे हुवे थे। वहीं आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शव को घटनास्थल मे रखकर मुआवजे को लेकर दो बजे से पांच बजे तक सड़क जाम कर रखा। सड़क जाम होने से कोल वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। जिसकी सुचना पाकर घटनास्थल में सीओ विजय दास, बीडीओ देवलाल उरांव, इंस्पेक्टर अनिल उरांव पहुंचकर ग्रामीणों के चंगुल से चालक समेत दो अन्य सवारों को छुड़वाकर टंडवा थाना भेज दिया गया। दूसरी ओर ग्रामीणों ने बताया कि चार पहिया वाहन इतना तेज रफ्तार से जा रही थी सड़क किनारे रखा एक बड़ा कंटेनर को लगभग 10 फीट की दूरी तक उछाल दिया। वाहन चालक मंडेर गांव निवासी सह बेंती स्कूल के हेड मास्टर विकास टोप्पो ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी 8 बजे चुनावी कार्यशाला में भाग लेने हेतु चतरा जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन द्वारा चकमा दिये जाने से वाहन पर अपना नियंत्रण खो दिया। चालक समेत दो अन्य सवारों को भी मामूली चोटें लगी है। टंडवा प्रशासन ने मुआवजा की मांग कर रहे परिजनों को ढाढस बांधाते हुये वार्ता की। वार्ता में परिजनों को आपदा प्रबंधन के तहत हिट एन्ड इन के तहत सरकारी लाभ दिये जाने पर सड़क जाम हटा लिया गया। वही ग्रामीणों ने मांग रखी हजारीबाग जिला का कोल वाहन हजारीबाग सड़क मार्ग से चले तभी कोल वाहन की आवागमन चालू होगा। वही सीओ ने दो मासूम बच्चों की मौत से आहत होकर सुबह 5 बजे से संध्या सात बजे तक कोल वाहन की पहिया नौ इंट्री के तहत बंद करने पर मुहर लगाया। वही थाना प्रभारी अनिल उरांव ने नौ इंट्री की पालन हेतु समर्थन करते हुये ग्रामीणों को सहानुभूति दिया की शक्ति पूर्वक नौ इंट्री की पालन होगी।

## कुंदरु कला मंडा त्योहार संपन्न

रजरप्पा(आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में 14 मई को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रात्रि में छउ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया जिसमें पश्चिम बंगाल के पुरुलिया एवं खरसावां के टीम कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत नृत्य प्रस्तुत किया रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बंगाल से आए कलाकारों द्वारा मुखौटा पहनकर गीत और नृत्य प्रस्तुत किये, रात भर हजारों महिला पुरुष दर्शन नृत्य का खूब लुत्त और आनंद उठाया, इस मौके पर बुधवार सुबह 24 घंटा निर्जला उपवास रखने के पश्चात शिव भक्तों ने शिव भक्ति की परीक्षा दी और देखते हुए अंगारों पर नंगे पांव चलकर कई दर्जनों भक्तों ने शिव शक्ति के भक्ति व आस्था का परिचय दिया जबकि लोहे का किल पीठ मे ठोककर झूलन झूले और महादेव भोलेनाथ का जयकारा लगे दर्जनों शिव भक्तों ने झूले का आनंद लिया। मेला का भाव आयोजन किया गया था।

# आने वाले समय में चतरा का विकास कार्य और भी तीव्र गति से होगा: कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज चतरा लोकसभा क्षेत्र के कोमर, झाबर, इचाक, बालू, टेमकी, पतरातू, मुरुप समेत एक दर्जन से ज्यादा गांव में डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का अपील किया। कालीचरण सिंह ने आज चतरा लोकसभा क्षेत्र के लातेहार के मुरूप में आयोजित श्री रूद्र महायज्ञ सह दिव्य ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर देवाधिदेव महादेव से चतरा समेत देश की उन्नति और तरक्की की कामना किया। कार्यक्रम में सुरेश सिंह, गोपाल सिंह, विवेक सिंह, प्रवीण सिंह, अजीत सिंह, मोनू पासवान, बिपिन सिंह, राजकिशोर पासवान, वासुदेव उरांव, देवकी नंदन तिवारी, सतीश तिवारी, दिलीप तिवारी, यमुना यादव, आनंद कुमार, किशोर कुमार, विनोद यादव, अवधेश साव, अशोक साव, महेंद्र ठाकुर, महेंद्र साव, कुलदीप साव, लालजी उरांव, अवधेश प्रजापति, नागेंद्र प्रसाद, विजय साव, बलराम प्रसाद, देवनंदन साव, मोहन दयाल, अनिल यादव, सुरेंद्र सिंह, रामकिशोर सिंह, प्रशांत सिंह और अनीता देवी, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री संतोष यादव, देवकीनंदन दास, सूरज उरांव, रवि भगत, दिलीप सिंह, प्रदीप गोस्वामी रामविलास सिंह, मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जनसंपर्क के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के पास जनता के पास जाने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं मिल रहा है। एनडीए की सरकार ने विगत दस वर्षों में विकास के जो कार्य किया है। जिसके बारे में लोग सोच तक नहीं सकते थे। देश में भाजपा सरकार के विकास कार्य से झामुमो कांग्रेस समेत अन्य दल हताश और परेशान है।

विगत दस वर्षों में सेना हो या फिर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क के साथ देश के हर क्षेत्र विकास और उन्नति ने दस्तक दी है। चतरा भी विकास के पथ पर अग्रसर है आने वाले समय में विकास कार्य और भी तीव्र गति से होंगा। सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास नीति पर चलते हुए भाजपा ने देश के हर तबके का विकास और कल्याण किया है।

## चुनाव को लेकर पथ सभा का आयोजन




भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश के निर्देश पर पतरातू प्रखंड का शक्ति केंद्र सौंदा डी में भाजपा लोकसभा के तहत बुधवार को पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला के भाजपा कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान 300, 301, 302, 303 व 304 पांचों बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख की बैठक हुई। बैठक में एनडीए प्रत्यायशी मनीष जयसवाल के हजारीबाग लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति बनायी गयी। साथ ही मनीष जयसवाल को जिताने का संकल्प लिया गया। मौके पर मुख्य वक्ता धर्मेंद्र सिंह ने अबकी बार 400 का नारा बुलंद करते हुए देश की मजबुती के लिए पुनः नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी अधूरे कार्य पूर्ण होने के लिए कमल खिलाना होगा। मौके पर पतरातू मंडल के प्रभारी योगेश दांगी, बड़कागांव संचालन समिति के सदस्य सह वरिष्ठ नेता दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, जिला कार्य समिति सदस्य डब्लू पांडे, पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, मंडल मंत्री अमरेश कुमार, बीपी सिंह, पतरातू मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष गणेश ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष असलम मियां, राकेश सिन्हा, बवन मिश्रा, राजाराम सिंह, परदेसी नोनिया, राजेश, कानू, संतोष, संदीप, नरेंद्र, श्रीकांत, उमेश रजक, बनारसी, संतोष रजक, सुबोध रजक, शशि भूषण तिवारी, मनीष राज पांडेय, अजीत जायसवाल, विष्णु राम, विश्वनाथ रजक, रामानुज मोदी, मनोज सिंह, रविकांत, चंद्रकांत, विष्णु, संदीप, चंद्रमोहन प्रसाद, राममूरत सिंह, संजय कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## मनीष जायसवाल को जिताने का हुआ आह्वान



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा बाजार में बुधवार को रिक्शा चालक, दुकान के स्टाफ और मोटिया संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अशोक नायक ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाकर जनसमर्थन मांगा जायेगा। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कमल फूल छाप क्रम संख्या 2 पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने का आहवान किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रकाश नायक, कृष्ण यादव, राज नायक, सोनू कुमार, गोविंद ठाकुर, बबलू सिंह, प्रकाश कुमार, जगदीश प्रसाद, बोधा लाल, पप्पू लाल, बीरबल लाल, मंगू नायक, घुमा नायक, प्रदीप गुप्ता, विनोद शर्मा, मोहन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कुरमी समाज ने लिया जेपी पटेल को जिताने का निर्णय




गोला (आजाद सिपाही)। हेमतपुर स्थित कुरमी धर्मशाला में बुधवार को बाईसी कुटुम कुरमी समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता श्रृष्टिधर महतो ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह उपस्थित थे। बैठक में समाज के लोगों ने लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा परिचर्चा किया गया। जिसके बाद समाज ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जिताने का निर्णय लिया। मौके पर महानंद महतो, गौरीशंकर महतो, जयप्रकाश महतो, विशेश्वर महतो, आदित्य महतो, कार्तिक महतो, बंधु महतो, हरिलाल महतो, शिवचरण महतो, हरेंद्र महतो, विशेश्वर महतो, संतोष महतो, लेखेश्वर कुमार, सुरज महतो, अशोक महतो, गुप्तेश्वर महथा, गोपेश्वर महतो सहित दर्जनों कुरमी समाज के लोग उपस्थित थे।

## कुंदा में मतदान जागरूकता अभियान



कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में घर घर जाकर मतदान करने व जागरूक करने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर सोच समझकर वोट करने की जानकारी दिया गया। साथ में इन्होंने कहा की वोट में कोई प्रलोभन पर ध्यान नहीं देना है। वोट अपने मन से करें और आने वाले पांच साल के लिए अच्छा प्रधानमंत्री चुनें, जो हमारे देश के लिए शिक्षा रोजगार व गरीबी की समस्या का निदान करें। उन्होंने अपने पक्ष में वोट करने की अपील किया और लोगों से कहा कि जितने के बाद मैं शिक्षा, रोजगार व किसानों के खेती के लिए सिंचाई की व्यवस्था करुंगा ।

## जेपी पटेल के पक्ष में नुक्कड़ सभा आयोजित



कुजू (आजाद सिपाही)। इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर कांग्रेस और झामुमो ने कुजू में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में झामुमो केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा, झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम शामिल रहे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि इंडिया गठबंधन के लोकसभा सांसद प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित है। वक्ताओ ने कहा कि इस बार केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली है। 400 पार नारा 40 पर जाकर सिमट जायेगा। मौजूद लोगों से हजारीबाग के विकास के लिए जेपी पटेल के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। जेपी पटेल ही हजारीबाग का विकास कर सकते हैं। इधर, तोपा पंचायत के बनवार गांव में प्रत्याशी जेपी पटेल के समर्थन में जन संपर्क अभियान चलाया। वही, क्षेत्र के आरा, सारूबेड़ा आदि स्थानों में जाकर लोगों से जेपी पटेल के पक्ष में वोट करने का आग्रह किया। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष मो गुलजार, गुलाम नबी, संतोष मेहता, मनोज ठाकुर, मो हीरा, मोगलचंद्र पटेल, अभय सिंह, मंगु मांझी, सुरेश करमाली, मो यासीन, मो गुलजार, महादेव मांझी, महादेव रविदास, उमेश करमाली, ललित राम, सिकंदर अंसारी शामिल रहे।

# दूरगामी समझौता

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर सोमवार को हुआ। समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है। इस समझौते के प्रयास काफी पहले से चल रहे थे। चाबहार को लेकर दोनों देशों में पहला समझौता 2016 में हुआ। 2018 में तत्कालीन ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी की भारत यात्रा के दौरान इस पोर्ट पर भारत की भूमिका बढ़ाने का मसला प्रमुखता से उठा। बाद में कोविड-19 महामारी और ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते यह प्रक्रिया कुछ धीमी पड़ी, लेकिन आखिरकार समझौता हो गया। समझौते का एक अहम पहलू यह है कि इससे पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह ही नहीं, चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशटिव (आरआरआइ) को भी बैलेंस करने में मदद मिल सकती है। भारत चाबहार पोर्ट की बदौलत पाकिस्तान को बाइपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच बना सकता है। पाकिस्तान मध्य एशियाई देशों को इस बात के लिए लुभाने की कोशिश करता रहा है कि वे हिंद महासागर क्षेत्र तक पहुंच बनाने के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल करें। दूसरी तरफ भारत इस तथ्य को समझ रहा था कि चाबहार बंदरगाह उन देशों के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। अब इस संभावना को ठोस रूप देना आसान होगा। समझौते की टाइमिंग भी इसे संवेदनशील बना रही थी। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इस्राइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नये सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाये हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। समझौते की घोषणा के बाद अमेरिका ने हालांकि यह कहते हुए परोक्ष चेतावनी दी कि जो कोई भी ईरान के साथ किसी तरह के समझौते में जाता है, उसे इसमें निहित संभावित प्रतिबंधों के खतरे से वाकिफ होना चाहिए। लेकिन इस बयान का स्वरूप भी बता देता है कि यह औपचारिकता ज्यादा है और चेतावनी कम। इस मामले में विदेश मंत्री जयशंकर का यह कहना ज्यादा अहम है कि अमेरिका को इससे कोई दिक्कत नहीं है। जयशंकर के बयान का अगला हिस्सा विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने कहा कि वैसे भी मेरे और ईरान के बीच में अगर कुछ होता है तो वह मेरे और ईरान के बीच की बात है। जाहिर है, भारत अपने राष्ट्रीय हितों पर केंद्रित स्वतंत्र नीति की अपनी राह से विचलित नहीं होने वाला।

**समझौते का एक अहम पहलू यह है कि इससे पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह ही नहीं, चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशटिव (आरआरआइ) को भी बैलेंस करने में मदद मिल सकती है। भारत चाबहार पोर्ट की बदौलत पाकिस्तान को बाइपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच बना सकता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**छोटे कद के महाशय गोकुल चंदजी का जन्म 10 जून, 1922 को बटाला के प्रतिष्ठित धार्मिक आर्य समाजी परिवार में हुआ। पिता चुन्नी लाल हांडा और माता दमयंती की धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि के कारण बचपन में ही इनका भी धर्म-कर्म में मन लगने लगा। इसी दौरान एक बार गंभीर रोग ने घेर लिया और भगवान की कृपा से नवजीवन मिलने पर बाल गोकुल चंद ने उम्र भर शादी नहीं करने का प्रण लेकर स्वयं को समाज सेवा में समर्पित कर दिया।**

# सफेद कपड़ों में संत-महाशय गोकुल चंद जी

सुरेश कुमार गोयल

आजीवन अविवाहित रह कर ह्यनर सेवा, नारायण सेवा का ध्येय लेकर समाज कल्याण में जीवन अर्पित करने वाले बटाला (पंजाब) के प्रसिद्ध समाजसेवी महाशय गोकुल चंदजी 3 वर्ष पूर्व 15 मई, 2021 को 99 वर्ष की आयु में प्रभु चरणों में जा विराजे, लेकिन उनके द्वारा शुरू जनकल्याण के कार्य आज भी समाज को प्रेरणा और ऊर्जा दे रहे हैं। ऐसे प्राणी ही सही अर्थों में सफेद कपड़ों में संत होते हैं जो अपने कर्मों से समाज को नयी दिशा देते हैं।

छोटे कद के महाशय गोकुल चंदजी का जन्म 10 जून, 1922 को बटाला के प्रतिष्ठित धार्मिक आर्य समाजी परिवार में हुआ। पिता चुन्नी लाल हांडा और माता दमयंती की धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि के कारण बचपन में ही इनका भी धर्म-कर्म में मन लगने लगा। इसी दौरान एक बार गंभीर रोग ने घेर लिया और भगवान की कृपा से नवजीवन मिलने पर बाल गोकुल चंद ने उम्र भर शादी नहीं करने का प्रण लेकर स्वयं को समाज सेवा में समर्पित कर दिया।

13 वर्ष की आयु में ही नगर में बालसभा के गठन पर उसके प्रधान बन कर बच्चों में देश भक्ति और समाजसेवा का भाव जगाना शुरू किया तो धीरे-धीरे बड़ी संख्या में बच्चे इनके साथ जुड़ते गये। देश के विभाजन के समय युवा हो चुकी इन्हीं बच्चों की टोली ने उस संकटपूर्ण दौर में लोगों की हर प्रकार से सहायता और रक्षा की। देश के बंटवारे के बाद इन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ भूखे को अन्न, रोगी को औषधि, अनपढ़ को शिक्षा और सद्विचार प्रसार का महान विचार लेकर दैनिक प्रार्थना सभा का गठन किया।

**सादगी पूर्ण जीवन बिताते हुए महाशय गोकुल चंदजी 15 मई, 2021 को रात 10.50 बजे मोक्ष धाम चले गये।**



महाशयजी ने संतानों द्वारा ठुकराये बुजुर्गों को आश्रय देने के लिए जहां बटाला में वृद्ध आश्रम शुरू किया। वहीं ज्ञान के प्रसार के लिए पुस्तकालय खोला। शिक्षा के प्रसार के लिए उन्होंने बटाला में लड़के-लड़कियों के अलग-अलग कॉलेज, शहीद वीर हकीकत राय की पत्नी सती लक्ष्मी देवी स्मारक स्थल और रोगियों के इलाज के लिए कौशल्या देवी सानन आयी अस्पताल, मोहरी लाल चानन देई मैटर्निटी अस्पताल, जनरल अस्पताल, लैबोरेटरी व एक्स-रे सेंटर सहित गौशालाओं और धर्मशालाओं आदि का निर्माण समाज के सहयोग से करवाया।

महाशयजी ने संतानों द्वारा ठुकराये बुजुर्गों को आश्रय देने के लिए जहां बटाला में वृद्ध आश्रम शुरू किया। वहीं ज्ञान के प्रसार के लिए पुस्तकालय खोला, जो समय बीतने के साथ-साथ नगर का सबसे बड़ा पुस्तकालय बन गया। शिक्षा के प्रसार के लिए उन्होंने बटाला में लड़के-लड़कियों के अलग-अलग कालेज, शहीद वीर हकीकत राय की पत्नी सती लक्ष्मी देवी स्मारक स्थल और रोगियों के इलाज के लिए कौशल्या देवी सानन आयी अस्पताल, मोहरी लाल चानन देई मैटर्निटी अस्पताल, जनरल अस्पताल, लैबोरेटरी व एक्स-रे सेंटर सहित गौशालाओं और धर्मशालाओं आदि का निर्माण समाज के सहयोग से करवाया। जो आज समाज के हर वर्ग के लिए हर प्रकार से उपयोगी साबित हो रहे हैं। अपने देश और धर्म के लिए जीवन अर्पित करने वाली महान आत्माओं की यादों को भी शहीद गैलरी बना कर संजोना छोटा काम नहीं है।

महाशयजी के सादगी भरे जीवन से प्रभावित होकर देश के कई महापुरुषों का बटाला की धरती पर आना हुआ, जिन्होंने इन्हें सफेद कपड़ों में संत की उपाधि देकर इनके योगदान को सराहा। विजय चोपड़ाजी के कहने पर महाशय गोकुल चंद ने विधवा बहनों के लिए प्रति मास राशन देने की सेवा भी शुरू की।

विजय चोपड़ा ने बताया कि नवंबर, 2009 में महाशय गोकुल चंदजी के निमंत्रण पर मैं पहली बार वृंदावन गया, जहां इनके द्वारा संचालित श्री राधा ब्रज रमण लाल मंदिर में बनाए साधक निवास का उद्घाटन किया, जिसके पुराने प्रबंधकों ने महाशयजी के काम से प्रभावित होकर उन्हें सौंपा था। महाशयजी ने इसका जीर्णोद्धार करवाया और इसमें लिफ्ट आदि लगवायी।

साधक निवास के उद्घाटन पर 50 से अधिक बुजुर्ग विधवा बहनों को राशन दिया गया, जिनके बच्चे उन्हें कुछ रुपये देकर वृंदावन के मंदिरों में यह कह कर छोड़ गये थे कि अब आप यहां रह कर प्रभु का भजन किया करें। मंदिर वालों ने उनके रहने और खाने-पीने की व्यवस्था की हुई थी। सभी महिलाएं बुजुर्ग थीं और सभी ने एक साड़ी में स्वयं को लपेटा हुआ था। उनकी यह दयनीय दशा देख कर मेरा मन अत्यंत दुखी हुआ कि जिन बच्चों को इन्होंने लाड़-प्यार से पाल-पोस कर बड़ा किया, उन्होंने ही इन्हें छोड़ दिया था और फिर कभी मिलने ही नहीं आये।

महाशयजी ने पंजाब में बटाला के अलावा उत्तराखंड के हरिद्वार, उत्तर प्रदेश के वृंदावन एवं हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी धाम में धर्मशालाओं और गौशालाओं आदि का निर्माण करवाया। सादगी उनकी विशेषता थी। स्वदेशी के प्रति लगाव के कारण उन्होंने सारी उम्र खादी के वस्त्र बिना इस्तरी किये हुए ही पहने और जीवन भर चप्पल भी चमड़े की नहीं पहनी और सादगी पूर्ण जीवन बिताते हुए महाशय गोकुल चंदजी 15 मई, 2021 को रात 10.50 बजे मोक्ष धाम चले गये।

महाशयजी की रस्म पगड़ी और श्रद्धांजलि सभा में उस समय की कांग्रेस सरकार के एक मंत्री ने महाशय गोकुल चंद के नाम पर आर आर बावा कालेज फार गर्ल्स के निकट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास स्वागती गेट बनाने का भी आदेश दिया था, जो आज तक हकीकत में नहीं बदल पाया।

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता फायरिंग मामले में 6 लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिटी एसपी मुकेश कुमार के नेतृत में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार को जमशेदपुर पुलिस ने बागबेड़ा और उलीडीह थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटनाओं में शामिल 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर कर लिया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया सिटी एसपी के नेतृत में एस आई टी का गठन कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में मो. चांद, नीरज दूबे, डेविड टोप्पो, सिंटू सिंह और ब्रजेश कुमार पांडे को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। सुनिल रजक की गिरफ्तारी जमशेदपुर से हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद कर लिया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया सभी अपराधकर्मी बागबेड़ा व उलीडीह में हुई फायरिंग की घटना में शामिल थे। उनके पास से पुलिस ने रिपीटर रेगुलर बंदूक 01,देशी मेड पिस्टल 04, देशी कट्टा 01, रिपीटर बंदूक की गोली 48, 7.65 बोर की गोली 44, .315 बोर की गोली10 (कुल-102 राउण्ड) व कांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, स्कूटी व 07 मोबाइल फोन बरामद किया गया। एसएसपी बताया सभी का अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने कहा 2 मई को बागबेड़ा थानांतर्गत गणेश नगर में विजय सिंह उर्फ मोनू पर हत्या की नीयत से पांच अपराधियों ने गोली चलायी थी। जिसमें मोनु समेत उसके घर काम करने वाले एक महिला समेत तीन लोग जख्मी हो गये थे। सभी कि चिकित्सा टीएमएच में करायी गयी थी।इस मामले में पुलिस पहले ही अखिलेश सिंह गैंग के कन्हैया सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चूकी है। इसके अलावे बीते अप्रैल माह में उलीडीह में गुड्?डू पांडेय के आवास पर संटी यादव और गुड्डू पांडेय गैंग के बीच फायरिंग हुई थी। जिसमें गुड्डू पांडेय गोली लगने से जख्मी हो गया था। दोनो कांडो में सभी 6 अपराधियो की गिरफ्तारी हुई है।

# केयू बीएड शिक्षक संघ ने लंबित वेतन के लिए लगायी गुहार, मिला आश्वासन


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** केयू बीएड शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने बीते जनवरी से लंबित वेतन की मांग को लेकर विश्वविधालय के कुलपति, कमिश्नर, कुलसचिव और सीवीसी से मुलाकात की। बुधवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने बीएड विभाग के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की वेतन के संदर्भ में चर्चा की। गौरतलब है की बीएड विभाग के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी वेतन के संदर्भ में विश्वविधालय का चक्कर लगा रहे है। जबकि बीएड का अपना फंड में करोड़ों रुपये पड़े है। इतना कम मानदेय के बावजुत नियमित रुप से वेतन नहीं मिलने से सभी शिक्षक मानसिक रुप से परेशान है। कोल्हान के बीएड शिक्षक गहरी निराशा में जी रहे है। जानकारी मिलने पर कमिश्नर व कुलसचिव ने एक सप्ताह में अप्रैल तक का वेतन आंतरिक स्त्रोत्र से देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा राजभवन से अनुमोदन कराया जायेगा। उसके बाद बजट पास व स्वीकृति के लिए राजभवन भेजा जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष डां राजू ओझा, फ्लोरेंस बेक, डॉ इरशाद खान, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ विनय चंद्र पाठक, मनोज कुमार, कार्तिक चंद्र साव, पूनम कुमारी, अजीत दुबे, मुन्ना मुखी,बिरु पक्ष महतो, डॉ राजीव लोचन नमता, डॉ अर्पित सुमन टोप्पो, धनंजय कुमार, मदन मोहन मिश्रा, असित रॉय,अवंती कुमारी सहित अन्य शामिल रहे।

# आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के एक प्लांट में हादसा, सात मजदूर झुलसे

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के फेज 6 स्थित बालाजी कृष्णा इंजीटेक में बुधवार को अचानक लगने से कंपनी में काम कर रहे करीब सात मजदूर बुरी तरह से झुलस गए है। सभी मजदूरों को टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही झारखंड अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग कैसे लगी फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है मिली जानकारी के अनुसार कंपनी के हीट ट्रीटमेंट मशीन के तेल लीकेज के दौरान अचानक चिंगारी भड़की और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसकी जद में कंपनी में काम कर रहे सात मजदूर आ गये। वही इस अगलगी से कंपनी को भी भारी नुकसान होने का अनुमान है, हालांकि इस संबंध में कंपनी प्रबंधन की ओर से किसी तरह का भी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। वहीं घायलों में ललन सिंह, सोमा जमुदा, दिलीप मुर्मू, अजय टांडी, सावन सोरेन, श्रीराम तप्पे शामिल है।

# भाजपाइयों ने विभिन्न मंडलों में किया प्रचार विद्युत वरण महतो को जिताने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के निमित्त भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में रामनगर चौक काली मंदिर के पास एकत्रित होकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान में रामनगर गांधी बस्ती, रोड नंबर 2, रोड नंबर 4, रोड नंबर 6, हाड़ गोदाम, श्याम नगर और बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों में घर झ घर सम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी मतों से जिताकर हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। इस अभियान में मंडल उपाध्यक्ष भोला शर्मा, ललन चौहान, तपन कर्मकार, अमरेन्द्र मल्लिक, रमेश बास्के, गोपाल जयसवाल, शेखर कुमार, राजेश सोनकर, टीटू दास, कार्तिक गोप, बर्मा प्रसाद, केएन ओझा, कमल कुमार, निर्दोष वर्मा, विक्की यादव, विश्वजीत सिंह, बिनोद रजक, रेणु झा, पवन दूबे, बिनोद रजक, मनोज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, गणेश भूमिज, चिंतामणि दूबे, खुशी ओझा, गुड्डी देवी, अजय शर्मा, गौरी शंकर, राकेश कुमार, लक्ष्मी देवांश, उत्तम बंगा, अनूप वर्मा, अंजी राव, अमित ठाकुर, बीएन तिवारी, अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यह किसी लोकसभा प्रत्याशी का चुनाव नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने का एक अवसर है: समीर मोहंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती ने कदमा स्थित कांग्रेस कार्यालय में पश्चिम विधानसभा स्तरीय बैठकबम शामिल हुए। बुधवार को बैठक के दौरान जिला कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने सहभागिता निभाई। मौके पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती का कांग्रेस नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर समीर मोहंती के चुनाव प्रचार में कांग्रेस के सभी नेता तन-मन-धन से शामिल होंने का भरोसा जताया। बैठक को संबोधित करते हुए समीर मोहंती ने स्वयं को एक गरीब किसान का बेटा बताया। उन्होंने कहा यह सिर्फ लोकसभा प्रत्याशी का चुनाव नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने का एक अवसर है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ सभी को एकजुट होने की जरूरत है। तभी हम आम जनता के संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा कर पाएंगे। बैठक में संजय शर्मा, बबुआ झा, ईश्वर सिंह,अखिलेश सिंह, प्रभात ठाकुर, पप्पू सिंह उज्ज्वन,संजय तिवारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चिरैयाटांड़ टोला सरस्वती नदी के किनारे मिला शव



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगडी पंचायत चिरैयाटांड़ टोला के हरिजन कॉलोनी के बगल में सरस्वती नदी के किनारे जंगल के एक ढोड़ा में अज्ञात डेड बॉडी की सूचना भंडारिया थाने को मिली। भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह को सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर उन्हीं के देखरेख में गड्ढे में गड़ा हुआ डेड बॉडी को निकाला गया, और कब्जे में लेकर भंडारिया थाना लाया गया। पहचान नहीं होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है।

# पलामू लोकसभा का चुनाव समाप्त होते ही समर्थक कर रहे हार-जीत के दावे

जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान 13 मई को समाप्त हो गया। पलामू लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है। इनके भाग्य का फैसला अब चार जून को होने वाली मतगणना के बाद ही हो पायेगा। मतदान के बाद प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहा, चाय, पान की दुकान व सार्वजनिक चौराहों पर पार्टियों के कार्यकर्ता के साथ-साथ चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोग अपने-अपने आंकड़े बताकर जीत का दावा कर रहे हैं। इस दौरान जीत-हार को लेकर लोग शर्त लगा कर चुनौती दे रहे है। चुनाव समाप्त होने के बाद सभी की जुबां पर चुनाव की चर्चा है। कौन जीतेगा, कौन हारेगा, किसका दबदबा रहेगा तथा जीत-हार में कितना अंतर होगा। देश में किसकी सरकार बनेगी तथा किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, इस पर भी सटोरिए मोल-भाव कर रहे हैं। 13 मई को शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव के बाद अब सभी के जुबान में हार-जीत की समीक्षा का दौर तेजी से शुरू हो गया है। हालांकि, राजनीति का यह ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा। इसके लिए महज 20 दोनों का समय शेष बचा है। पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र में इस बार 9 प्रत्याशी अपना किस्मत आजमा रहे है। लोगों का मानना है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां और भाजपा प्रत्याशी बीड़ी राम से सीधी टक्कर है। दोनों दल के समर्थक अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। एक ओर इंडिया महागठबंधन के समर्थक जीत के आंकड़े गिना रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपा के समर्थक केंद्र सरकार की योजनाओं के बल पर जीत के लिए आश्वस्त हैं।





# महिला की हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**दो अन्य पर पर प्राथमिकी की दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के पचौर गांव में महिला की पीट कर हत्या करने के मामले में बुधवार को पुलिस ने मृतिका महिला के पति संजय राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि मंगलवार को पचौर गांव निवासी संजय राम की पत्नी आशा देवी उम्र करीब 22 वर्ष के द्वारा अपने खपरैल घर के कंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली थी। प्रथम दृश्या शव को देखने पर हत्या प्रतीत हो रहा था।

मृतिका के पिता परशुराम के लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए मृतिका के पति संजय राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। वहीं उसके दो भाई विनोद राम और मनोज राम दोनों के पिता गणेश राम पर प्राथमिक दर्ज की गयी है। प्रभारी ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए अनुसंधान जारी है।





मृतक महिला आशा देवी का फाइल फोटो और गिरफ्तार पति संजय राम।

# इंडोर गेम से बच्चों का आइ क्यू लेवल बढ़ता है : धर्मेंद्र



**एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन में इंडोर गेम का आयोजन**

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल में बुधवार से इंडोर गेम शुरू किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि इन दिनों अत्यधिक तापमान की वजह से आउटडोर गेम संभव नहीं हो पा रहा है। बच्चों के समय का सदुपयोग के लिए ग्रुप वाइज इंडोर गेम - चेस, कैरम, टेनिस आदि खेल का अवसर प्रदान कर बच्चों को खेल के माध्यम से प्रतिस्पर्धा युक्त वातावरण तैयार किया जा रहा है। ताकि बच्चे सफल जीवन के लिए रणनीति बनाकर भिन्न भिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें। स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा की इंडोर गेम से बच्चों का आई क्यू लेवल बढ़ता है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को मोबाइल से मुक्ति के लिए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों को खेलने हेतु सहयोग दें। इस आयोजन में स्पोर्ट्स इंचार्ज पीटी अखिलेश्वर मिश्र, आरपी तिवारी, अमानत अंसारी, करण कौशल, रामाशीष राम, राहुल कुमार, आबिद अंसारी, संजय ठाकुर, संजय गुप्ता, एसएन सिंह, कुमारी निर्मला, पानपती कुमारी, स्नेहलता और पंकज चौधरी आदि उपस्थित थे।

# आरके पब्लिक स्कूल अधौरा के छात्रों ने सीबीएसइ की 10वीं परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय आर के पब्लिक स्कूल अधौरा के छात्रों ने सीबीएसई की 10वीं परीक्षा में परचम लहराते हुए शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया है। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल एल के ओझा ने बतलाया कि सीबीएसई के द्वारा आयोजित मैट्रिक के परीक्षा में शामिल सभी छात्र सफल हुए हैं, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बतलाया कि विद्यालय लगातार गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने में सफलता प्राप्त की है और नगर ऊंटरी के साथ-साथ जिले में एक ऊंची मुकाम को हासिल किया है। परीक्षा में सफल छात्रों में छात्रा शालिनी श्रीवास्तव ने 92.60 प्रतिशत हासिल कर स्कूल टॉपर बनी। जबकि अंशिका जायसवाल 91.20 प्रतिशत नंबर के साथ दूसरा, पवन प्रभात ने 90 प्रतिशत नंबर के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय का मान को बढ़ाया है। वहीं आदित्य गुप्ता ने 89.40, जिज्ञासु शुक्ला ने 87.60 सौम्या शुक्ला ने 87.40 शंभू रानी ने 86.80 तमीज राजा ने 85.0 आकृति तिवारी ने 83.20 और तान्या कुमारी सिंह ने 79 प्रतिशत नंबर हासिल कर टॉप टेन में अपना जगह बनाया है।

परीक्षाफल आने के पश्चात स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडे ने कहा कि जिस लक्ष्य को लेकर श्री बंशीधर नगर में विद्यालय खोला गया था उस लक्ष्य की प्राप्ति की ओर विद्यालय बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक और बच्चों की कड़ी मेहनत के फल स्वरुप आज विद्यालय में यहां के विद्यार्थी अधिकांश 90% के आसपास मार्क्सलाकर यह उम्मीद जगायी है कि आने वाले दिनों में वह देश के ऊंचे पदों पर सेवा देकर अपने क्षेत्र और विद्यालय का गौरव बढ़ायेंगे।

श्री पांडे ने बताया कि आरके पब्लिक स्कूल दक्ष शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था करायी जाती है, हमेशा से गुणवता युक्त शिक्षा कैसे दिया जाये, इसके लिए प्रबंधक डे बाई डे सोचता है और उस पर काम करते हैं, उसमें हम सब को सफलता मिला है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों के भी पूरी व्यवस्था है साइंस के लिए लैब हो या अन्य सामग्रियों की व्यवस्था हो यह पूरी की जा चुकी है। आने वाले दिनों में यहां से अध्ययनरत्र छात्र-छात्राएं और ऊंची मुकाम को हासिल करने में सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दिया है।




# रविंद्र का वोटर लिस्ट में कटा नाम, मतदान करने से रहे वंचित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भांडरिया प्रखंड के बूथ संख्या 400 पर भंडरिया प्रखंड मुख्यालय निवासी रविंद्र पासवान का वोटर लिस्ट में नाम कट जाने के कारण मतदान करने से वह वंचित हो गये। जानकारी देते हुए उसने बताया कि पिछले पंचायत चुनाव में हमने मतदान किया था। उन्होंने वोटर लिस्ट संख्या 235 पहचान पत्र संख्या केजीवी 8742405 और मकान संख्या 306 है, लेकिन लोकसभा चुनाव मतदाता पहचान पत्र होने के बाद नाम कट गया, जिसके कारण आज हम मतदान नहीं कर सके और मैं बगैर मतदान किये ही केंद्र से वापस लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उत्साह के साथ ही मतदान करने के लिए सुबह ही मतदान केंद्र पर पहुंच गये थे, लेकिन मेरा नाम वोटर लिस्ट से नाम कैसे कट गया, हमें खुद मालूम नहीं है। मतदान केंद्र से वापस लौटाये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वेक्षण के दौरान ही लगता है कि हमारा वोटर लिस्ट से नाम कट गया, जो बीएलओ की घोर लापरवाही है।



# मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव आज बरही और जयनगर में जनसभा को संबोधित करेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 16 मई को हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ यादव हजारीबाग जिल के बरही के चतरो स्थित जेल मैदान में 10:30 बजे से सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, प्रत्याशी मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता भी मौजूद रहेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड के पिपचो मैदान में 12:00 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, प्रत्याशी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे भी मौजूद रहेंगे।

# मनरेगा लोकपाल ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** मनरेगा लोकपाल ने भवनाथपुर प्रखंड के कैलान पंचायत में संचालित मनरेगा योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में रोहित यादव के कूप, राजेश्वर यादव का कूप और बाल कुंवर कोरवा का कूप के साथ अमवाडिह में पथ्लाही महुआ के पास तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि सभी जगह मजदूर काम कर रहे थे, हालांकि इस मामले में लोकपाल सुनील तिवारी ने कुछ भी बताने से इंकार किया। लेकिन सुत्रों के अनुसार कैलान पंचायत में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार योजना पर बोर्ड नहीं पाया गया है तथा मास्टर रोल में भी गड़बड़ी है। आशंका है कि 10 हजार से 15 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान बीपीओ दयानंद प्रजापति भी उपस्थित थे।



# 10 हजार से शुरू हुआ मामला पहले करोड़ कैश की रिकवरी और अब मंत्री की गिरफ्तारी तक पहुंच गया

**वीरेंद्र राम के करीबी जेइ की गिरफ्तारी से शुरू हुआ मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने जिस मामले को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री को गिरफ्तार किया, वो मामला दस हजार रुपये घूस से जुड़ा था। 13 नवंबर 2019 को एसीबी ने जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद वर्मा को एक ठेकेदार से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा था। हालांकि उसने ठेकेदार से एक लाख रुपये रिश्वत मांगी थी। सुरेश प्रसाद वर्मा ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का करीबी है। जिस वक्त सुरेश प्रसाद वर्मा को पकड़ा गया, उस दौरान वे जमशेदपुर में वीरेंद्र राम के मकान में रहता था।

एसीबी ने जब सुरेश वर्मा के ठिकानों पर छापेमारी की, तब घर से 2.67 करोड़ रुपये से अधिक बरामद किये गये थे। उस समय सुरेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि पैसे वीरेंद्र राम के हैं और उनके रिश्तेदार ने पैसे रखने को दिया था। इस मामले में सुरेश प्रसाद वर्मा को जेल भेज दिया गया। एसीबी ने तब जांच का दायरा बढ़ाया, तो वीरेंद्र राम की करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ।





## पिछले साल गिरफ्तार हुआ वीरेंद्र राम

इडी ने पिछले साल फरवरी महीने में भी मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर रेड की थी। जिसके बाद उनसे पूछताछ शुरू हुई, फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। झारखंड के इस मुख्य अभियंता के ठिकानों से 30 लाख रुपये के अलावा 1.50 करोड़ रुपये जेवरात मिले थे। इसके अलावा इडी को उनके 100 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति का भी पता चला था।

## टेंडर दिलाने के बदले कमीशन लेता था वीरेंद्र राम

दरअसल, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम ने झारखंड के ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण व अन्य टेंडर जारी करने के बदले 3 परसेंट से लेकर 1 परसेंट तक कमीशन लेने की बात कबूल की थी। इडी ने बाद में वीरेंद्र राम की करोड़ो रुपये की चल-अंचल संपत्ति भी अटैच की थी। जांच एजेंसी को शक है कि पिछले साल झारखंड के ग्रामीण इलाकों के सड़क निर्माण के लिए 10 हजार करोड़ के भी टेंडर अलॉट किये गये, जिनमें मोटा कमीशन लिया गया। जांच एजेंसी को शक था कि निलंबन के बावजूद वीरेंद्र राम अभी भी टेंडर रैकेट से जुड़ा था।

## कौन हैं आलमगीर आलम


पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस के चार बार विधायक रहे। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री हैं। आलमगीर आलम 20 अक्टूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष भी थे। आलमगीर आलम साहिबगंज जिला के बरहड़वा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इस्लामपुर गांव के रहने वाले हैं। उनका जन्म 1954 में हुआ था। उनके पिता का नाम स्व. सनाउल हक, माता अमीना खातून, पत्नी निशात आलम, बेटा तनवीर आलम एवं एक बेटी है। आलमगीर आलम तीन भाई हैं। एक की मौत हो गयी है। बीएससी तक पढ़ाई की। उनके बेटे तनवीर आलम कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश महासचिव हैं।

# जंगल से भटकर गांव में घुस आया हिरण कुत्तों ने किया हमला, हिरण की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के बभनी गांव में मंगलवार के लगभग शाम 06:30 बजे जंगल से एक हिरण भटककर गांव में घुस आया जिसके बाद कुत्तों के झुंडों ने देखकर हिरण पर हमला किया। स्थानीय ग्रामीणों ने देखा एक हिरण को काफी संख्या में कुत्तों ने दौड़ा रहे हैं, उसपर हमला कर रहे हैं। फिर कुत्तों को भगाकर हिरण को पकड़कर सुरक्षित रखा गया। इसे देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीणों के भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने बरडीहा थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव को जानकारी दी गयी।

थाना प्रभारी और एसआई सफिउल्लाह अंसारी, चौकीदार विजय पासवान सहित पुलिस अपने दल-बल के साथ पहुंचकर हिरण को सुरक्षित रखा गया। फिर उसके बाद वन विभाग को जानकारी दी गयी। 3 घंटे के बाद वन विभाग के क्षेत्रीय गार्ड हिरालाल पासवान पहुंचे। और भवनाथपुर वन विभाग जानकारी दी गयी। उसके बाद इंतजार के दौर में 11:00 रात्रि में गार्ड सुनील राय, राहुल सिंह पहुंचे। फिर उसके बाद हिरण को इधर-उधर हिल डोला कर देखा गया कि कैसा है, तो मौके पर हिरण का जमीन पर पड़ा हुआ देखा गया और सांस भी नहीं चल रहा था, उसके बाद कैंपर में रहकर भवनाथपुर ले जाया गया। भवनाथपुर वन विभाग रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि बभनी गांव में एक हिरण जंगली से भटककर आने की जानकारी मिला था। कुछ कुत्तों के झुंडों ने उसे हमला भी कर दिया है। इसी के बीच टेटमेंट करने के लिए टीम को भेजा गया पहुंचने से पहले ही वह हिरण दम तोड़ दिया। फिर उसके बाद रात्रि में ही भवनाथपुर लाया गया। उसके बाद दफना दिया गया।



# आर्थिक तंगी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के मकान्दू गांव में बुधवार की सुबह एक अधेड़ का शव पेड़ से झूलता मिलने से सनसनी फैल गयी। बुधवार तड़के कुछ ग्रामीणों ने शव पेड़ से लटका देखा और इसकी जानकारी उसके परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। शव की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी पंचायत अंतर्गत मकान्दू गांव निवासी निर्मल महतो के 42 वर्षीय पुत्र नारायण महतो के रूप में की गई है। घर वालों के अनुसार मंगलवार की रात घर पर था लेकिन सुबह उसका शव घर के समीप ही गमछे के सहारे करंज के पेड़ से झूलता देखा गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। ग्रामीणों ने बताया कि वह आर्थिक तंगी के चलते काफी परेशान रहता था। इसको लेकर पति पत्नी के बीच आए दिन क्लेश होता रहता था। इससे तंग आकर उसकी पत्नी कुछ दिन पहले ही अपने मायके चली गयी थी। फिलहाल सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पति की मौत की खबर सुन मायके से राशन लेकर पहुंची पत्नी**

स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार की स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पति की मौत की खबर सुनने पर मायके से लौटी पत्नी अपने साथ एक बोरे में राशन लेकर पहुंची। पत्नी को इस बात का अंदाजा था कि अगर अपने साथ कुछ खाने पीने का नही ले जाएगी तो उसे और उसके बच्चों को खाना भी नसीब नही होगा।

# लातेहार डीसी ने की मतदान की तैयारी की समीक्षा, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों एवं मतदान दिवस की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में सर्वप्रथम मतदान कर्मियों को केंद्रों तक पहुंचाने के लिए लातेहार विधानसभा , मनिका विधानसभा वार वाहनों की आवश्यक्ता पर चर्चा की गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दल हेतु वाहनों की आवश्यकता का आकलन कर लिया गया है। मतदान केंद्र तक मतदान कर्मियों, मतदाताओं को पहुंचाने के लिए कुल 511 वाहनों की आवश्यकता होगी। जहां सुदूर और सुगम रास्ता है वहां हर सेक्टर के लिए बस का उपयोग किया जायेगा, जबकि दुर्गम रास्ते में छोटे वाहनों से मतदान कर्मियों, मतदाताओं को केंद्र तक पहुंचाया जायेगा। आगे उन्होने कहा की अभी तक 35 बस, 186 बोलेरो/ स्कॉर्पियो, 130 सवारी वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिन वाहन मालिकों ने अधिग्रहण की चिट्ठी मिलने के बाद भी अभी तक गाड़ी जमा नहीं की है भविष्य में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 मई 2024 को लातेहार जिला में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर 74 लातेहार, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ सभी मतदान पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जायेगा। 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जायेगा। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की क्रम वार तरीके से प्रखंडवार जानकारी ली गयी। सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास समेत सभी संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

# लापता सहायक पुलिसकर्मी को 35 दिन बाद खोज निकाला

संतोष सिन्हा/ कुतुबुद्दीन



**बालूमाथ/ बारियातू (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ थाना मे पदस्थापित सहायक पुलिस कर्मी शिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम निवासी आदित्य साव के पुत्र जयराम कुमार का लापता होने के लगभग 35 दिन बाद स्थानीय पुलिस ने सकुशल ढूंढ कर परिजनों को सौंपा। जानकारी देते हुए लापता पुलिस कर्मी के छोटे भाई श्रीराम कुमार ने बताया कि मेरे भाई जयराम कुमार (27) जो बालूमाथ थाना मे झारखंड सहायक पुलिसकर्मी के पद पर कार्यरत थे। जो बीते 8 अप्रैल को सुबह थाना के पाल मुंशी के द्वारा फोन कर बुलाया गया था तबसे वह गायब हो गये थे। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर थाना मे पांच लोगों के विरुद्ध नामजद आवेदन किया था। इसके बाद 10 अप्रैल को पुलिस अधिक्षक महोदय को आवेदन देकर षड़यन्त्र को खुलासा करने का अनुरोध किया था। तबसे स्थानीय पुलिस लगातार काम करती रही और बीते सोमवार संध्या को बालूमाथ थाना प्रभारी के द्वारा फोन कर हम सभी परिवारों को थाना बुलाकर जयराम को सुपुर्द किया। जयराम को सकुशल देख हम सभी परिवार काफी खुश हैं। श्रीराम ने लातेहार एसपी अंजनी अंजन, बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी सहित पुलिस प्रशासन का अभार व्यक्त किया।

# सदर अस्पताल के डायलसिस केंद्र की हालत पस्त

## किडनी बीमारी से ग्रसित मरीज इलाज के लिए बाहर जाने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सांसद सुदर्शन भगत के सौजन्य से स्थानीय जिला सदर अस्पताल में किडनी मरीज के ईलाज हेतु डायलसिस केन्द्र की शुरूआत की गयी। ताकि गरीब व लाचार मरीज का, जो किडनी खराब होने के कारण प्रत्येक दूसरा दिन या सप्ताह में या प्रत्येक महीना पंद्रह दिन में डायलसिस करवाना अनिवार्य होता है ताकि उनकी जीवन को कुछ सुनिश्चित समय के लिये बचाया जा सके। परंतु सालभर छः महीना भी अभी डायलसिस केंद्र शुरू हुए नहीं हुआ है और सही तरीके से डायलसिस नही होने के कारण मरीज का जीवन खतरे में आ गयी है। ताजा उदाहरण मेनका सिनेमा के समीप रहनेवाले राजेश सोनी विगत दो वर्ष से किडनी रोग से ग्रस्त है तथा पिछले छः माह से डायलासिस से गुजर रहा है। चूँकि राजेश की माली हालत ठीक नही है इसलिए सगे संबंधी तथा दोस्तों की मदद से वह इलाजरत है तथा सदर अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह डायलासिस भी करवा रहा है। परंतु इस दौरान दो बार ऐसी स्थिति हुई कि उसका सीना में पानी भर गया तथा साँस लेने मे समस्या उत्तपन्न हो गयी तथा गंभीरावस्था में रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वह तो ईश्वर का कृपा है कि समय पर इलाज के कारण उसको नया जीवनदान मिल जाता है। बीती रात भी उसके साथ ऐसा ही हुआ है। पूरा सीना में पानी भर गया और जब सदर अस्पताल इष्ट मित्र और परिवार लेकर पहुंचे तो अस्पताल प्रबंधन हाथ खड़ा कर दिया तथा रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। लोहरदगा की जनता यह प्रश्न झारखण्ड सरकार व प्रशासन से करती है कि कबतक सदर अस्पताल रेफरल अस्पताल बनकर रहेगा। विगत रामनवमी में भी बहुत बड़ा हादसा हुआ और सदर अस्पताल का रोल बिल्कुल नगण्य रहा सिवाय मृतक का पोस्टमार्टम करने के। आज जरूरत है कि कम से कम एक सरकारी सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल लोहरदगा जिला में खुले ताकि दुर्घटनाओं से ग्रस्त तथा आम गंभीर मरीजों का इलाज पूर्ण सुविधा के अनुसार हो सके।

# लातेहार के इंद्रनील भारती को आइआइएमसी में मिला 318 रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार/ लोहरदगा।** माराडीह जैसे छोटे से गांव से अपनी शिक्षा पूर्ण कर अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत भारती के ज्येष्ठ पुत्र इंद्रनील भारती ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन जो भारत सरकार की आइआइएम और आइआइटी के समकक्ष संस्थान की प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी एग्जामिनेशन) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जो की मास कम्युनिकेशन का भारत का प्रतिष्ठित संस्थान में से एक है। इसकी प्रवेश परीक्षा में जिसमे लाखो बच्चे प्रवेश हेतु परीक्षा देते है। ऑल इंडिया में 318 रैंक प्राप्त कर लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया। इसी वर्ष डिजिटल मीडिया के लिए सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई, सिंबॉसिस यूनिवर्सिटी पुणे और हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा भी अच्छे रैंक से उत्तीर्ण की है। इंद्रनील भारती ने प्राथमिक शिक्षा माराडीह स्थित अविराम एकेडमी से प्राप्त कर लिवेंस एकेडमी और श्यामली रांची और दिल्ली यूनिवर्सिटी से होनहार मेधावी छात्र के रूप में अपनी पढ़ाई की और वे आगे ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु अपने पिता इंद्रजीत के पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करना चाहते है। इंद्रनील का कहना है कि उनका पूरा परिवार विशेष रूप से वे अपने पिता और अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार की दूरदर्शिता ग्रामीण विकास, शिक्षा, आजीविका आदि के कार्यों को देख कर बड़े हुए है और वे भी मास मीडिया के द्वारा इसी दिशा में कुछ नया करना चाहते हैं।

# सेन्हा में सड़क कालीकरण में गड़बड़ी के खिलाफ ग्रामीण हुए गोलबंद

**विभाग व संवेदक पर लगाया लापरवाही का आरोप जेई ने अनियमितता को नकारा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** कंडरा से चंदवा गढ़गांव पथ नवीनीकरण में अनियमितता को देखते हुए संवेदक के विरुद्ध ग्रामीणों द्वारा नाराजगी जताते कार्य का किया विरोध किया गया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कंडरा से चंदवा गढ़गांव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अष्टभुजा कंट्रक्शन द्वारा करोड़ो की लागत से पथ और पुलिया नवीनीकरण का कार्य आरंभ किया गया है। पथ निर्माण कार्य मे अष्टभुजा कंट्रक्शन के संवेदक की काफी लापरवाही देखने को मिल रही है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार हस्तक्षेप किया परंतु संवेदक अपनी मनमानी करते हुए निर्माण कार्य को गति देने में लीन है। इस बिंदु को लेकर चार माह पूर्व पुलिया निर्माण के दौरान भी लापरवाही देखी गयी थी। जिसको लेकर जेई गोबिंद कुमार से संपर्क कर जायजा लेने पर उनके द्वारा कार्य को गुणवत्ता पूर्ण बताते हुए अनियमितता पर पर्दा डालने का कोशिश किया गया था। परंतु अखबार में न्यूज प्रकाशन होने के बावजूद विभाग का ध्यान आकृष्ट नही हुआ और संवेदक सभी नियम कानून और गाइडलाइन को ताख पर रख पथ निर्माण में जुटे हुए है। उसी दौरान पथ काली कारण कार्य के क्रम में दो दिन पूर्व चंदवा खैरा दह से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ कालीकरण किया गया। जो महीना तो दूर सप्ताह भी नही हुआ और निर्मित काली करण पथ अनियमितता का पोल खोलने लगा जगह जगह पर पिच उखड़ना आरंभ हो गया। स्थानीय ग्रामीण द्वारा गोलबंद हो निर्माण कार्य का बहिष्कार करते हुए कार्य बंद करने का साइड इंजीनियर तथा मुंशी व मजदूरों से कहा गया है।

# डेंगू जैसी बीमारी से बचने की जरूरत है : डॉ अवधेश सिंह




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार राष्ट्रीय डेंगू दिवस कार्यक्रम में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्या चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार डॉ अवधेश सिंह के अध्यक्षता में मिडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू से बचाव हेतु जनमानस में जन जागरूकता हेतु मिडिया से अपील किया गया, ताकि जन समुदाय को डेंगू से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक करना एवं बेहतर स्वास्थ्य हेतु व्यवहार परिर्वतन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्तर पर प्रभात फेरी/ ग्राम गोष्ठी और विद्यालय जगरूकता कार्यक्रम किया जाना है तथा जिला स्तर पर भी प्रभात फेरी निकाली जायेगी। उक्त कार्यशाला में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्या चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार/ जिला मलेरिया पदाधिकारी, लातेहार/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक/ जिला भीबीडी सलाहकार, उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा: मुकेश निरंजन सिन्हा

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के लातेहार जिला सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा चुनाव प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने लगातार बालूमाथ, चंदवा, मनिका, बारियातू, हेरहंज, बरवाडीह सहित विभिन्न प्रखंडो पंचायतों में जा जाकर चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष मे मतदाताओं से आपना बहुमूल्य वोट देने अपील की। झारखंड के लोकप्रिय हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही के वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिन्हा से एक बात चीत के दौरान बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में करीब 80 करोड़ लोग लाभांवित हो रहे हैं। उस संकल्प का विस्तार से उल्लेख किया, जो विकसित भारत के सभी 4 मजबूत स्तंभों युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाता है। मुद्रा योजना ने पिछले कुछ वर्षों में करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाया है। इस सफलता को देखते हुए मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया है।श्री सिन्हा ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के मकान बनाये हैं, अब 3 करोड़ अतिरिक्त मकान बनाने का संकल्प है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत करीब 96 करोड़ कनेक्शनों के जरिए मुफ्त गैस सिलेंडर दिए गए और अब पाइप के जरिए सस्ती रसोई गैस पहुंचाने का काम तेज होगा। झारखंड में उज्ज्वला योजना का लाभ लाखों माताओं-बहनों को मिल रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कहा है कि नारी शक्ति वंदन कानून को प्रमुखता से लागू किया जायेगा। साथ ही महिलाओं के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करते हुए एनीमिया, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। किसानों को 6,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता जारी रहेगी। जिससे झारखंड के लाखों किसानों को फायदा हो रहा है। दुनिया के प्रमुख आर्थिक केंद्र भारत में होंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक क्षमता केंद्र, वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र और वैश्विक इंजीनियरिंग क्षेत्र का केंद्र बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।

# इंडी गठबंधन के नेताओं का डोर टू डोर दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा लाधुप पंचायत में महागठबंधन दल के नेताओं एवं प्रतिनिधि साथियों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता लाधुप पंचायत के मुखिया बिफई मुंडा एवं पंचायत समिति सदस्य बुधन गंझू ने की। पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ,एवं चंदवा प्रखंड सचिव मोहम्मद इजहार उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं एवं प्रतिनिधि साथियों ने एक स्वर से चतरा लोकसभा के महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपने गांव और पंचायत में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य पप्पन खान, जेएमएम नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन गंझू , पूर्व पंचायत समिति सदस्य खुर्शीद खान समेत दर्जनों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में भाजपा नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

रवि कु गुप्ता



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में भाजपा नेताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिह सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के नेतृत्व में अलग-अलग जगह पर अभियान चलाया गया। प्रखंड अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के हेठली, ततहा, झरना, मोरवाई, मंडल में लोगों से मिलकर कालीचरण सिंह को विजय बनाने की अपील की। जबकि बरवाडीह मंडल प्रभारी मुकेश सिंह ने मंडल समेत अन्य गांवों में भाजपा का बूथ समिति सत्यापित कर जीत का मंत्र पढ़ाया गया। सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि आज भारत का नाम पूरे विश्व में डंका बज रहा है। कांग्रेस ने देश को 70 साल तक लूटने का काम किया। उन्होंने लोगों से भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर देखी जा रही है और भाजपा की जीत सुनिश्चित है। मौके पर महेश सिंह, इंद्रदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेश्वर, मीणा देवी, रीना देवी, शकुंतला देवी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# घर से हुई बाइक चोरी

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम निवासी सह टोंटी पंसस मो होजैफा के घर से अज्ञात चोरों ने बुलेट बाइक की चोरी कर ली। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर पीड़ित पंसस ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। पंसस द्वारा अपने बयान में कहा गया है कि अपने रिश्तेदार हजारीबाग के केरेडारी थाना अंतर्गत चट्टी बारियातू निवासी मो आरिफ पिता मो रफिक के नाम से बुलेट मोटरसाइकिल था जिससे मैं चलाता था जो बीते शुक्रवार को बारियातू सप्ताहिक बाजार से शाम को घर गया और घर के बरामदे में बाइक को खडा कर और रात्रि भोजन कर सो गया की शनिवार सुबह पांच बजे कहीं जाने के लिए चाभी लेकर निकला तो देखा की बाइक गायब है।

# वोट देकर केएन त्रिपाठी के हाथों को मजबूत करें : माकपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा हांथ को मजबूत करने के लिए गांव गांव में माकपा नेता और कार्यकर्ता लाल झंडा के साथ जूट गए हैं, बुधवार को पार्टी ने चटुआग में बैठक कर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के पक्ष में प्रचार किया। बैठक को संबोधित करते हुए माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार को पराजित कर केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य पार्टी ने तय किया है, उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद की निष्क्रियता और लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं के प्रति और टोरी मे आरओबी की अंदेखी उदासीनता के चलते मतदाताओं में भारी आक्रोश है। खनिज संम्पदा का महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद भाजपा सांसद ने पिछले दस सालों से इस क्षेत्र को और पीछे धकेल दिया है। बेरोजगारी और पलायन यहां चरम पर है। बैठक में वरिष्ठ नेता अयुब खान, ललुवा गंझु, गबरेल मुंडा, सनिचरवा परहैया, रतिया नगेसिया, बुधराम बारला, एतवा मुंडा, बेने तोपनो, अजीत टोपनो समेत कई कार्यकर्ता समर्थक शामिल थे।

# दो दिनों से फंसा पक्षी, सूचना के बाद भी विभाग ने नहीं की पहल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के थाना चौक हनुमान मंदिर के समीप पीपल के पेड़ में लगातार दो दिनों से एक प्रवासी पक्षी फंसा हुआ है। वह लगातार दो दिनों से भूख प्यास से छटपटा रहा है। पेड़ में स्थित घोंसला में पतंग की रस्सी या किसी डाली से उसका पैर और पंख फस गया है जिससे वह काफी छुड़ाने का प्रयास करता है लेकिन थक हार कर फिर शांत हो जाता है। फिर कुछ देर बाद पुनः प्रयास करता है। सोमवार को ही कुछ लोगों ने इस घटना की जानकारी वन विभाग के पदाधिकारी को दी लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी विभाग की ओर से उस पक्षी को मदद के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। मंगलवार को कुछ लोगों ने फिर पक्षी को तड़पते देखा वह दो दिनों से ना तो कुछ खाना खाया है और ना ही उसने पानी पिया है। लोगों ने कहा पक्षी में भी प्राण होता है इस चिलचिलाती धूप में उस पर क्या बीत रही होगी। लोगों ने वन विभाग से तत्काल उस प्रवासी पक्षी को छुड़ाने की मांग की है।

# कार्यकर्ताओं को विश्वास है लोहरदगा लोस की सीट भाजपा की झोली में होगी: समीर

**चुनाव की समाप्ति पर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव हुए प्रेस से मुखातिब**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं के फीडबैक पर ही भाजपा की सारी रणनीति तय की जाती है, और कार्यकताओं के फीडबैक के अनुसार लोहरदगा संसदीय क्षेत्र की सीट भाजपा की झोली में होगी।

उक्त बातें लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी समीर ने कही। वह भारतीय जनता पार्टी के साभेकर होटल स्थित जिला कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे उन्होंने आगे कहा कि जीत या हार यह मतदाता तय करते हैं। पार्टी का काम, सतत आम जनों की सेवा करना है। भारतीय जनता पार्टी चुनाव के पूर्व और चुनाव के बाद दोनों स्थितियों में जनता की सेवा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जीत के लिए आश्वस्त हैं। आगे कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जी तोड़ मेहनत की है और उन्हे पूरा भरोसा है कि कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लायेगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं उन्होंने मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मतदाताओं ने अपना काम छोड़कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी पक्की भागीदारी सुनिश्चित की है। इसलिए वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। जिला प्रशासन का भी समीर उरांव ने आभार व्यक्त किया। साथ ही चेंबर ऑफ कॉमर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी व्यापारी बंधुओ ने मतदान के महान कार्य को संपन्न कराने में अपने दुकानों को बंद रख करके भारतीय संविधान की रक्षा की है। पत्रकारों का आभार व्यक्त व्यक्त करने के साथ ही उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने भी इस लोकसभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया में अपनी भूमिका अदा की है भारतीय जनता पार्टी उन सबों का आभार व्यक्त करती है और यह आशा करती है कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हमेशा हर भारतीय अपनी महत्ती भूमिका निभायेंगे।

## 16 मई से बिजली बिल राजस्व शिविर का होगा आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कामडारा के तहत बसिया प्रखंड में बिजली बिल राजस्व शिविर का अयोजन 16 मई से 31 मई तक किया जायेगा। जिसके तहत बसिया प्रखंड के बनागुटु में 16 मई, जगजोर में 17 मई, मोरेंग में 18 मई, नारेकेल 20 मई, बंबियारी 21 मई, किन्दिरकेला 22 मई, सूरजपुर 23, बनई 24 मई, बसिया 25 मई, रामजडी 27 मई, कोनबीर 28 मई, कुम्हारी 29, लौंगा 30 और कलिगा में 31 मई को शविर 10 बजे से 2 बजे तक लगेगा। उक्त जानकारी कनीय अभियंता कंचन टुड्डू ने दी।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इटकीरी गांव के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में इटकिरी ग्राम निवासी सुरेश महली घायल हो गया। वही ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु गुमला रेफर कर दिया।घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार सुरेश नहाने की बात कहकर बाइक से घर से निकला था। रास्ते में मवेशी के सामने आ जाने के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और घायल हो गया।

## मारपीट में घायल, थाना में शिकायत दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव में मंगलवार की रात मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना में तालु साहु घायल हो गया। जिसका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल तालु साहु की पत्नी चन्द्रिया देवी ने मारपीट कर घायल करने के संबंध में गांव के ही सुरेन्द्र उरांव, कुंवर उरांव ओर छोटू उरांव के खिलाफ गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराया है। कहा कि मंगलवार की रात सात आठ युवक घर के बाहर गाली गलौज करने लगे। दरवाजा खोलने पर मेरे साथ दुर्व्यवहार करने लगे। बीच बचाव कर रहे मेरे पति पर लाठी डंडा से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गये। चन्द्रिया देवी ने मारपीट के नामजद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# सेविका की नियुक्ति नहीं होने से तीन माह से बंद है आंगनबाड़ी केंद्र




आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के आदिम जनजाति बाहुल कतारी कोना गांव का आंगनबाड़ी केंद्र पिछले तीन महीना से बंद है। आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने से केंद्र पर आकर बच्चे भटकते रहते हैं उनको पोषण आहार भी नहीं मिल पाता है। स्थानीय ग्रामीण बिफै असुर सहित कई लोगो ने बताया कि लगभग 3 माह पूर्व आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बसंती असुराइन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। इसके बाद से कतारी कोना आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका की नियुक्ति नहीं की गई है और यह आंगनबाड़ी केंद्र बंद है। आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने से यहां के बच्चों को सही पोषण आहार भी नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुखिया से लेकर विभाग के अधिकारियों तक की है इसके बावजूद आदिम जनजाति बहुल इस गांव में आंगनवाड़ी केंद्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए किसी भी सेविका की नियुक्ति नहीं किया गया। एक ओर सरकार विलुप्तप्राय आदिम जनजातियों के संरक्षण के लिए हर सुविधा मुहैया कराने का दावा करती है। आदिम जनजातियों को लाभ सिर्फ कागजों पर ही सीमित कर रहा है जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने से बच्चों को काफी परेशानी हो रही है बच्चों को मिलने वाला पोषाहार भी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सुचारु रूप से करने के लिए सेविका की नियुक्ति की जाये। वहीं मालम पंचायत की मुखिया गुंजन मार्था केरकेट्टा ने कहा कि कतारी कोना गाँव का आंगनबाड़ी केंद्र वहां की सेविका बसंती असुराइन के आत्महत्या करने के बाद पिछले तीन माह से बंद पड़ा है। इसे लेकर मैं विभाग से भी बात किया है उन्होंने कहा कि मैं विभाग से बात कर जल्द से जल्द सेविका की नियुक्ति कराने का प्रयास करूंगी ताकि आंगनबाड़ी केंद्र सुचारू रूप से चालू हो सके। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चैनपुर बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही मैंने इस विभाग का चार्ज लिया है। कतारी कोना का आंगनबाड़ी केंद्र बंद है तो यह गलत है। मामले की जानकारी लेकर यथाशीघ्र आंगनबाड़ी केंद्र को चालू कराया जायेगा।

**सीबीएसइ बोर्ड में एजी चर्च विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत**

# कड़ी मेहनत से सफलता भी चरण चूमने को हो जायेगी मजबूर : रेव फ्रांसिस टोप्पो


प्रवीण उरांव


अनामिका कुमारी


अनमोल उरांव


गरिमा कुमारी


पीयूष कुमार गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी 10वीं के परिणाम में घाघरा स्थित एजी चर्च स्कूल बड़काडीह का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।सभी उतीर्ण विद्यार्थियों का उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के निदेशक रेभरेन फ्रांसिस टोप्पो ने बताया कि विद्यालय से कुल 62 विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड में हिस्सा लिए थे। जिसमें सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए गए परिणाम में सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। निदेशक ने विद्यार्थियों से इसी लगन के साथ आप सभी पढ़ाई को जारी रखें जिससे सफलता आपकी चरण चूमने को मजबूर हो जाए। उन्होंने कई सफल विद्यार्थियों का उदाहरण देते हुए आगे ईमानदारी पूर्व मेहनत करने की बात कही है। विद्यार्थियों के बेहतर रिजल्ट पर शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी बधाई दिया है।

**इन्होंने लाया अच्छे अंक**

बतातें चलें कि 52 विद्यार्थी प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 10 विद्यार्थी द्वितीय स्थान से उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय में प्रवीण उरांव ने 462 अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। अनामिका कुमारी 421, पीयूष कुमार गुप्ता 405, गरिमा कुमारी 401, अनमोल उरांव 374 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## बेटी और पत्नी के साथ मारपीट कर सल्फास का किया सेवन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा निवासी 40 वर्षीय ललित साहू ने मंगलवार की रात सल्फास का सेवन कर लिया। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर गए। वहीं उसकी पत्नी और बेटी भी अस्पताल पहुंचे। पत्नी गीतांजलि देवी ने बताया अक्सर पति मेरे साथ मारपीट करता है। आज भी मारपीट कर रहा था तभी मेरी बड़ी बेटी सुप्रिया बीच बचाव करने पहुंची उसे भी डंडे से सिर पर मारकर घायल कर दिया इसके बाद उसने खुद गिलास में सल्फास घोलकर उसका सेवन कर लिया। वहीं ललित ने अपनी पत्नी को दूसरे मर्द से संबंध होने का शक जाहिर किया। जबकि पत्नी ने कहा यह खुद दूसरी महिला के साथ संबंध में है और मुझ पर आरोप लगा रहा है। महिला की बेटियों ने अपने पिता की दूसरी महिला से संबंध होने का वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुनाया। हालांकि मामले को लेकर अब तक थाना में किसी ने लिखित आवेदन नहीं दिया है।

## महिला कीर्तन मंडली को सम्मानित किया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल के द्वारा लोहरदगा नगर में महिला कीर्तन मंडली श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर पुराना शुक्र बाजार को डफली एवं करताल देकर महिला मंडल को सम्मानित किया गया। मौके पर बजरंग दल के पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर पुराना शुक्र बाजार में कीर्तन भजन किया जाएगा। जिसमे सभी सनातनी भाई बहन उपस्थित होकर कीर्तन भजन में शामिल हो।


# लायंस क्लब गुमला में 15 मई से 19 मई तक निःशुल्क एक्यूप्रेशर के माध्यम से इलाज शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज लायंस क्लब गुमला में डॉक्टर गोपाल मिश्रा और डॉक्टर संध्या मिश्रा के द्वारा लायंस क्लब गुमला के प्रांगण में पांच दिवसीय निशुल्क एक्यूप्रेशर पद्धति से विभिन्न प्रकार के रोगों का निशुल्क इलाज शुरू किया गया ।डॉ गोपाल मिश्रा ने बताया कि किसी भी प्रकार के दर्द को चंद मिनट में ठीक किया जा सकता है उन्होंने कहा कि यह मूल रूप से भारतीय चिकित्सा पद्धति है और इसमें खर्च भी बहुत कम आता है बगैर चिरफाड साइड इफेक्ट के इलाज की सुविधा दी जाती है इसमें हम किसी खास बिंदु पर मैग्नेट ,रंग ,उपकरण, बीज आदि का उपयोग करके किसी भी बीमारी का सफलतापूर्वक इलाज प्रभावी साली तरीके से किया जाता है। इसमें मरीजों को बहुत ही काम शुल्क पर इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध कराया जाता है ताकि अपनी बीमारी के लिए मरीज अपने इंस्ट्रूमेंट से अपने आवास घर पर अपनी बीमारी का इलाज कर सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि इस पद्धति के इलाज से किसी प्रकार का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होती है 15 से 19 पांच दिवसीय इलाज का समय सुबह 9:00 से 1:00 तथा चार से 6:00 बजे शाम तक किया जायेगा। लायंस क्लब के पदाधिकारी ने कहा कि जनता जनार्दन इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपनी बीमारी का सफलतापूर्वक एक्यूप्रेशर के माध्यम से इलाज करायें। एक्युप्रेशर आज भी कुछ बिमारी को जङ से खत्म करने मे मदत करता है। एक्युप्रेशर मे हाथो और पैरो मे कई। बीमारियो के नस जुङे हुये है जिसे अगुठे और मशीन से प्रेसर देकर बिमारी को ठीक किया जा सकता है। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित निशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन स्थान लायंस क्लब है। इस पद्धति से गठिया, साइटिका, रक्तचाप, कमर दर्द, सानस माइग्रेन मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह, स्त्री - पुरुष के विभिन्न रोग का इलाज बहुत ही चमत्कारी ढंग से होता है। अतः आप तमाम नागरिकों महिलाओं पुरुषों बच्चों सभी से निवेदन है कि लायंस क्लब ऑफ गुमला में निशुल्क इलाज करने हेतु संपर्क स्थापित कर सकते हैं लायन शंकर लाल जाजोदिया लायंस अशोक कुमार जायसवाल लायंस योगेंद्र कुमार लायंस हेमंत कुमार लायंस महेश प्रसाद गुप्ता लायंस किरण जयसवाल लायंस रिचा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# युवाओं ने ब्लड डोनेट कर बचायी बच्चे और गर्भवती महिला की जान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बहुत ही गंभीर स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए। मारवाडी युवा मंच गुमला के सदस्य नवल अग्रवाल ने ओ पॉजिटिव और सचिन महेश्वरी ने ए पॉस्टिव ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत एक बच्चे और एक गर्भवती महिला की सहायता की मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने बताया कि ब्लड बैंक में ओ पॉजिटिव और ए पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था और बच्चे को ब्लड की अति आवश्यक आवश्यकता थी, स्थिति की गंभीरता को समझते हुए नवल अग्रवाल जी और सचिन महेश्वरी ने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कियो इनका कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार सिंह रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

## संस्थागत प्रसव के लिए जागरूकता अभियान चलायें : रानी देवी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड क्षेत्र की सभी सहियाओं का बैठक बिटीटी रानी देवी,सुनील महतो और उषा किरण के द्वारा आयोजित किया गया। आयोजित बैठक से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा की पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नूतन बाला लकड़ा का आकस्मिक निधन पर सभी स्वास्थ्यकर्मी और सहियाओं द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौनधारण किया गया। वही बैठक में बिटीटी रानी देवी ने सभी सहियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को टिकाकरन के बाद एएनएम के द्वारा दिये जाने वाले चार संदेश,संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी के बारे में,पहला एएनसी,कुष्ठ रोग,टीबी बीमारी की खोज के लिये बलगम जांच रिपोर्ट तथा महिलाओं का प्रथम तिमाही एएनसी पकड़ाने के लिये एएनसी जांच हेतु प्रेरित करने के लिये निर्देश दिया गया। वही सहियाओं को बताते हुए कहा गया.की सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो द्वारा निर्देश है कि संस्थागत प्रसव में विशेष ध्यान की आवश्यकता है क्योंकि संस्थागत प्रसव से बच्चा जच्चा दोनों स्वस्थ्य रहते हैं. संस्थागत प्रसव के लिये सभी सहियाओं को अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया.साथ ही मलेरिया,सर्दी,खाँसी और जुकाम,बच्चों में होने वाले फोड़ा फुंसी जैसे अन्य बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया.मौके पर बिटीटी रानी देवी,उषा किरण,सुनील महतो के अलावे शकुंतला देवी,मरियम टोप्पो ललिता शुक्ला, अनिता देवी,शोभा देवी,गुड़िया देवी,पारसमणी उराँव, नीलम माधुरी,आभा देवी सहित प्रखंड क्षेत्र की अन्य सभी सहिया उपस्थित थे।

# गुमला चेंबर और प्रेस क्लब के बीच क्रिकेट मैच आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में गुमला चेम्बर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक की गयी। जिसमें तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में कल से शुरू होने वाले पाँच दिवसीय क्रिकेट मैच पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी ने अपने अपने विचार रखे। क्रिकेट में प्रतिदिन चार मैच खेले जायेंगे। क्रिकेट मैच के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं प्रेस क्लब गुमला के बीच आगामी 16 मई को सुबह 06:30 बजे होने वाले क्रिकेट मैच के लिए 11 सदस्यो की टीम बनायी गयी। सभी सदस्यों को ससमय उपस्थित होकर क्रिकेट टूनार्मेंट को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में अध्यक्ष दामोदर कसेरा, छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी, मो सब्बू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, आदित्य गुप्ता, आनंद गुप्ता, राहुल केशरी एवं अन्य मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने मनरेगा योजना में अनियमितता की शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बसिया प्रखंड के गणेश साहू, राजीव रंजन, राजेन्द्र महतो समेत डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने डीसी से मनरेगा योजना में अनियमितता की शिकायत की है। उन्होंने लिखित शिकायत में कहा है कि मनरेगा योजना के तहत किये जा रहे कार्यो में अनियमितता बरती जा रही है। फर्जी मास्टर रोल बनाया जा रहा है। जिसके जरिये फर्जी निकासी हो रही है। उन्होंने डीसी से कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि प्रखण्ड में लाभुक, मनरेगा मेट, रोजगार सेवक एवं मनरेगा योजना से जुड़े कर्मियों के मिलीभगत से दिनेश साहू पिछले दो साल से मनरेगा मास्टर रोल के माध्यम से फर्जी मजदूरी का निकासी किया जा रहा है। साथ ही योजनाओ में अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि दिनेश साहू जब अपने मुकदमे को लेकर कोर्ट में खड़ा रहा है।या अन्यत्र रहा है।उन दिनों उनके नाम से फर्जी मास्टर रोल बनाकर फर्जी निकासी की गई है। इसका कई प्रमाण भी है।जिसे डीसी को सौपा गया है। ग्रामीणों ने कहा कि दिनेश साहू जब 4 अगस्त 2022 को अपने एक चेक बाउंस के मामले को लेकर एसीजीएम कोर्ट गुमला में उपस्थित थे।तब उसी दरम्यान योजना नाम जगमोहन साहू का वेल कुआं निर्माण में उसके नाम का फर्जी मास्टर रोल के माध्यम से दिनांक 31 जुलाई 2022 से लेकर 6 अगस्त 2022 तक का मनरेगा मजदूरी की निकासी की गयी है। वहीं 1 सितंबर को जब वे कोर्ट आये हुए थे।इस बीच 26 अगस्त 2022 से 1 सितंबर 2022 तक का उनके नाम से मनरेगा में मजदूरी दिखाकर निकासी की गई है।इसके बाद 5 जनवरी 2023 को जब वे कोर्ट में उपस्थित थे उसी दरम्यान 31 दिसंबर 2023 से 6 जनवरी 2023 तक मनरेगा मजदूर के रूप में कार्यरत दिखाकर मजदूरी निकासी की गई है। 28 जुलाई 2023 को कोर्ट में जब वे उपस्थित थे, तब 24 जुलाई से 30 जुलाई तक रिकी देवी के प्लांटेशन में मजदूर के रूप में फर्जी रूप से मनरेगा मजदूर के रूप में निकासी की गई।जब वे 16 सितंबर 2023 को कोर्ट में उपस्थित थे और उसी डेट पर 13 सितंबर से 19 सितंबर 2023 तक फर्जी निकासी गई।

फिर 25 नवंबर 2023 से 30 नवंबर 2023 को कोर्ट में रहने के दौरान फर्जी मास्टर रोल के माध्यम से फर्जी निकासी की गई। ग्रामीणों ने कहा है कि दिनेश साहू पेशा से एक व्यापारी है। और लाखों का कारोबार करता है। वह मेट, रोजगार सेवक एवं प्रखंड के मनरेगा कर्मियों के मिलीभगत से बिना किसी योजना में काम किये फर्जी रूप से मनरेगा मजदूरी का निकासी सरकारी राशि का गबन कर रहा है। वो आर्थिक रूप से बहुत सक्षम व्यक्ति है।

## हार्ट अटैक से पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर देने को बाजार समिति में दी गयी ट्रेनिंग

**रांची।** कृषि उत्पादन बाजार समिति रांची के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्रेनिंग सह अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हृदयघात (हार्ट अटैक) से पीड़ित व्यक्तियों को सीपीआर( कार्डियोपल्मोनरी रिससीटेशन) देने के बारे में जागरूक करने को ट्रेनिंग दी गयी। एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को अवेयर करने के लिए सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरीशचन्द्र एवं उनके सहयोगी प्रकाश अवस्थी उपस्थित थे।

# विपक्ष के पास विकास को लेकर कोई योजना नहीं है : ढुल्लू महतो

## कहा- विपक्षी नेता अगड़ी-पिछड़ी और बाहरी-भीतरी जैसी दकियानूसी सोंच से ग्रषित

आजाद सिपाही संवाददाता


लोगों को संबोधित करते धनबाद लोस से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो।

**धनबाद।** भाजपा विकास की राजनीति करती है। देश और क्षेत्र की बेहतर के लिए काम करती है। हम जात पात, भेद-भाव से ऊपर उठकर पूरे समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करते है। जिन-जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार है वहां-वहां विकास हुआ है। उक्त बातें धनबाद से एनडीए के भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने कही। वे बुधवार को क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान जनता से मुलाकात के दौरान कही। ढुल्लू महतो ने कहा कि आज झारखंड के हर कोने तक सड़कों का जाल बिछा है। यह केवल केंद्र सरकार और झारखंड भाजपा सरकार के रहते ही हुआ है। जब झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार थी तो हर घर तक बिजली पहुंचाई गई थी। हमारी सरकार ने जो काम किया है वो सभी को दिखता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में बैठे लोग राज्य में सत्ता में होकर भी कभी कोई काम नहीं कर सके, क्योंकि उन्हें खुद के लिए पैसे गबन करने से फुर्सत ही नहीं थी, तो जनता की कहां से सोच पाते। उनसे अगर पूछा जाए कि जनकल्याण के लिए कोई भी योजना फलीभूत किये हों तो उनकी बोलती बंद हो जाएगी। वहीं जात-पात और बाहरी-भीतरी के नाम पर मुखर हो जाते है। भेद-भाव से केवल लोगों में द्वेष उत्पन्न होता है विकास के लिए मिल जुलकर एक साथ कदम बढ़ाना होता है। सभी का मानना है देश के विकास के लिए बस एक ही चेहरा है नरेंद्र मोदी जी का। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सभी समाज/जाती वर्ग के लोगों के बीच जाने पर सभी का स्नेह प्राप्त हो रहा इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही मेरे विपक्ष के नेता जातिवाद की जो अफवाहें फैला रहें है वो यह जान लें कि भाजपा का एक ही मूल मंत्र है सबका साथ-सबका विकास। बतातें चलें कि ढुल्लू महतो मंगलवार को अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान बोकारो सेक्टर 4 क्लासिक होटल में राजपूत समाज के परिवारजनों से मुलाकात की। धनबाद के वार्ड नंबर 19 डायमंड क्रोसिंग के समीप स्थानीय लोगों से मिले। बोकारो के तेलमोचो स्थित बैंक्विट हॉल में गोप समाज के लोगों से मुलाकात की। बाघमारा के टुंडी चिटाही धाम स्थित आवास पर सैकड़ों पासवान परिवारजनों से मुलाकात की। इन सभी कार्यक्रमों में ढुल्लू महतो को सभी का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ।

# एकमात्र कांग्रेस ही देश को महंगाई व बेरोजगारी से दिला सकेगी निजात : अनुपमा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह का बुधवार को बेकारबांध स्थित मालती रेजिडेंसी में समारोह आयोजित कर जोरदार स्वागत किया गया। यह समारोह छोटू सिंह एवं उनकी पत्नी शिवानी सिंह ने आयोजित की थी। वहां अपने संबोधन में अनुपमा सिंह ने लोगों से आगामी 25 मई को मतदान के दिन सपरिवार मतदान केंद्र पर पहुंचकर कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ पर बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। कहा कि एकमात्र कांग्रेस ही देश को महंगाई और बेरोजगारी से निजात दिला सकेगी। कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन किया जाएगा। उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत सभी जिलों के लिए अवंटित किया जाएगा। जिससे युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद मिलेगी। अगर धनबाद संसदीय क्षेत्र से उन्हें जीत हासिल होती है तो वह हमेशा यहां के लोगों के साथ रहेगी और क्षेत्र में विकास का हर संभव प्रयास करेंगीं। मौके पर अर्चना झा, निकिता रुइया, पूनम महतो आदि थे।

### वासेपुर पहुंचीं अनुपमा, लोगों से मांगा आशीर्वाद

अनुपमा सिंह ने इस दिन वासेपुर एवं कमर मखदुमी रोड में रोड शो किया। जिसमें लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने वासेपुर में फहीम खान की पत्नी और पुत्र एवं अन्य लोगों से मुलाकात की। सभी ने अपना समर्थन का वादा किया। इसी क्रम में वह यहां गठबंधन समर्थित ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के आवास पहुंची और उनका आशीर्वाद लिया। वहां दोनों नेताओं के बीच चुनाव को लेकर बातें हुई। मौके पर समाजसेवी तनवीर आलम, उनकी पत्नी ईशरत परवीन, राजद नेता मुमताज कुरैशी, निसार आलम, इकबाल खान, शादाब आलम आदि थे।

## अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान के लिए अनूप सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान को लेकर बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने केलियासोल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मंगलवार की रात आठ बजे से केलियासोल के विभिन्न क्षेत्रों में बेरमो विधायक ने केलियासोल के कुसमादाह, दलदली, लायकडी कोलियरी होते हुए मेढा, शिवलीबाड़ी आदि जगहों पर जनसंपर्क कर मतदाताओं से अनुपमा सिंह के पक्ष में कांग्रेस के निशान हाथ छाप पर मतदान करने की अपील की। इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री पर वादा खिलाफी करने का भी आरोप लगाया। भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने वाले विपक्ष के नेताओं को कथित झूठे मामलों में फंसाकरजेल में डालने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छुटेगा। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधानसभा प्रभारी दुर्गा दास, झामुमो की जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन, मुखिया उपमुखिया आदि मौजूद थे।

### मतदान हमारा मौलिक अधिकार : बीडीओ

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत आदर्श उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप कुमार महतो, विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव प्रमोद स्वर्णकार व सह सचिव रोहित यादव भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने श्रृंखला बनाकर हाथों में मतदाता जागरूकता तख्ती के साथ गोमिया क्षेत्र के कई आस पास गांवों में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो ने कहा कि बच्चों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली काफी सराहनीय है। सभी मतदाताओं को आगामी चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने की जरूरत है। मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। इस लिए मतदान अवश्य करें। वहीं सीओ प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि मतदान करने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस लिए गोमिया के सभी मतदाताओं से अपील है कि बढ़ चढ़ मतदान करें। वहीं, प्रबंधन समिति के सह सचिव रोहित यादव ने कहा कि आदर्श उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा यह जागरूकता अभियान काफी सराहनीय है। हम सभी को बढ़ चढ़ कर मतदान कराने को लेकर लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है। इस मौके पर मनोज कुमार, अनिल स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।

# मतदाताओं से करें परिवार सहित वोटिंग करने की अपील: देवदास

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह अवर सचिव देवदास दत्त ने बुधवार को न्यू टाउन हॉल में सभी बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके परिवार सहित वोटिंग करने की अपील करें। भीड़-भाड़ वाले स्थान, गली, मोहल्ला, प्रमुख चौक चौराहा में लाउडस्पीकर से मतदान की तिथि, समय एवं उसे क्षेत्र के मतदान केंद्र की सूचना मतदाताओं को उपलब्ध कराए। उन्होंने मतदान दिवस की आवश्यकता के अनुसार सभी मतदान केंद्रों के लिए मूवमेंट प्लांट तैयार करने, मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, हेल्प डेस्क, मेडिकल सुविधा, शौचालय, टेंट, दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए निःशुल्क वाहन की व्यवस्था आदि की सूचना मतदाताओं को देने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को लेकर दत्ता ने बताया कि झारखंड के मुखिया निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर आम नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप के तहत इसका आयोजन किया गया है। जिसमें मतदान दिवस एवं इसके एक दिन पूर्व प्रत्येक मतदाता से संपर्क स्थापित कर उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक करना है। स्वयं सहायता समूह को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनुसार छोटे-छोटे क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है। वे मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। मतदान के दिन मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह आदि थे।

### विभिन्न खंडों में चला टिकट जांच अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)। मंडल की ओर से विभिन्न खंडों में बड़े स्तर पर मंगलवार को टिकट जांच अभियान चलाया गया। इसके तहत धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 2000 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 12 लाख 43 हजार 470 रुपए जुर्माना वसूला गया। जांच अभियान में 164 टिकट कर्मियों को लगाया गया था। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। कहा कि इस तरह का टिकट जांच अभियान धनबाद मंडल की ओर से आगे भी लगातार चलाया जाता रहगा।**

## 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा में बीएसएल संचालित स्कूलों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सीबीएसई की ओर से प्रकाशित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बोकारो इस्पात संयंत्र की ओर से संचालित विद्यालयों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 12वीं कक्षा में बीएसएल संचालित स्कूलों में विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में 88.62 फीसदी बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। 12वीं की परीक्षा में बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कुल 378 बच्चे शामिल हुए थे। जबकि 10वीं की परीक्षा में बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी एवं माध्यमिक स्कूल बोकारो इस्पात विद्यालय से कुल 476 बच्चे परीक्षा दिए थे, जिसमें से कुल 88.87 फीसदी बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। 12वीं की परीक्षा में सबसे अधिक साइंस स्ट्रीम में बीआइएसएसएस- 2 सी की चारु सिन्हा को 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। जबकि बीआइएसएसएस- 2 सी के ही सोनम कुमारी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं, प्रियंबिका को 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। कॉमर्स स्ट्रीम में सबसे अधिक बीआईएसएसएस- 8 बी की स्मृति को 90.6 प्रतिशत अंक और बीआईएसएसएस-8 बी की ही सत्या कुमारी ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। जबकि बीआईएसएसएस-3 के मितेश कुमार को 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। आर्ट्स में सबसे अधिक 84.6 प्रतिशत अंक बीआईएसएसएस- 2 सी की नव्या कुमारी को और बीआईएसएसएस- 2 सी के ही आदित्य दास को 75.6 प्रतिशत, जबकि सान्वी श्री को 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। 10वीं कक्षा में उच्चतम अंक 93.8 प्रतिशत बीआईएसएसएस- 9 ई के प्रिंस कुमार को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा बीआईएसएसएस-8 बी के रोनित कुमार को 92.8 प्रतिशत और बीआईएसएसएस -8 बी की रिमझिम कुमारी को 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। बोकारो इस्पात संयंत्र के उच्च प्रबंधन और मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी) मनीष जलोटा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।


### लघु कथा लेखन और निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** मैथन बीएसके महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से लघु कथा लेखन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी जीवन की जितनी ऊर्जा है, वह सकारात्मक रूप से खर्च हो, इसके लिए इस तरह का आयोजन आवश्यक है। वर्तमान समाज में तकनीकी के आने से लिखने की कला में कमी आई है। उसी कड़ी में इस सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ डीपी सिंह ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। हिंदी विभाग की शिक्षिका डॉ संध्या गुप्ता, प्रो मनीला समद और प्रो नितिशा खलखो ने आयोजन को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई।

## झारखंड की सभी 14 लोस सीटों पर होगी एनडीए की जीत : सुनीता चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नावाडीह/बेरमो।** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को आजसू प्रत्यासी चंद्रप्रकाश चौधरी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में सुनीता चौधरी ने कहा कि आज प्रखंड स्तरीय लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया। झारखंड की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा की सभी 14 सीटों पर विजय का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार, फिर एक बार एनडीए सरकार। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के मतदाता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। इसके बाद बैठक कर आजसू प्रत्यासी चंद्रप्रकाश चौधरी को भारी मतों से जीतने का संकल्प लिया। मौके पर केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, जयलाल महतो, अलाउद्दीन अंसारी, केंद्रीय सदस्य सुरेश कुमार महतो, भाजपा एसटी मोर्चा गिरिडीह प्रभारी फूलचंद किस्कू, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष भरत यादव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष गोबिंद महतो, आजसू प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जानकी कोड़ा आदि थे।

## ससबेड़ा पूर्वी मुन लाइट चौक, खम्हरा के कसवागढ़ व करमाटांड बस्ती में किया जनसंपर्क

# गिरिडीह के समुचित विकास के लिए तत्पर रहूंगा: मथुरा महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** गिरिडीह संसदीय सीट से आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो ने प्रखंड के शहरी क्षेत्रों में चुनावी सभाएं की। इस दौरान ससबेड़ा पूर्वी मुन लाइट चौक, काली मंदिर के समीप, खम्हरा के कसवागढ़ एवं करमाटांड बस्ती में मथुरा महतो एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने ग्रामीणों से मतदान कर भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्यासी मथुरा महतो को ऐतिहासिक लीड दिलाने की अपील की। कहा कि गिरिडीह को पांच साल के अपने कार्यकाल में वर्तमान सांसद सीपी चौधरी ने विकास से कोसों दूर रखा। जनता की भावनाओं और जनमत के साथ मजाक किया। गिरिडीह की जनता इस बार सीपी चौधरी को सबक सिखाने को आतुर है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू सब्जबाग पार्टियां हैं। जनता के सरोकार से इन्हें कोई मतलब नहीं होता। ये लोग सिर्फ बड़े-बड़े सपने दिखाकर जनता को दिग्भ्रमित करते हैं। भाजपाई हिंदू मुस्लिम की राजनीति कर पुनः सत्ता पाना चाहते हैं। लेकिन इस बार गिरिडीह की जनता भाजपा को वोट की करारी चोट देकर सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार है। वहीं मथुरा महतो ने कहा कि इस समय झूठ और जुमलों की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। गिरिडीह से भी इसमें भागीदारी हो। पिछले चार चरणों के संपन्न चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन बहुत मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि हमेशा आपके सुख, दुख में साथ रहूंगा। एक मौका दें, आपकी भावनाओं के अनुरूप गिरिडीह के समुचित विकास के लिए तत्पर रहूंगा।



### चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

गिरिडीह लोकसभा चुनाव अंतर्गत गोमिया प्रखंड के लिए चुनावी कार्यों को सुचारू रुप से संचालन के लिए मथुरा प्रसाद महतो एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने चुनावी कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी, उपाध्यक्ष अमित पासवान, मुखिया बंटी उरांव, मुखिया रामवृक्ष मुर्मू, मुखिया अंशु कुमारी, कांग्रेस नेता रामकिशुन रविदास, पंकज पांडेय, सीपीएम नेता रामचंद्र ठाकुर, श्याम सुंदर महतो, घनश्याम महतो, गणेश यादव, उमेश यादव, राजेश भारती, राजू शाह, समाजसेवी पिंटू पासवान, पंसस हरि सिंह, विनोद यादव, प्रकाश राय, अभय सिन्हा, विनोद यादव, केदार पासवान, मंजूर इलाही, हेमू यादव, ललन केवट, धीरज यादव, फिरोज खान आदि उपस्थित थे।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(उत्पाद शाखा)**

**-: आदेश :-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक– 01/नि०वि०–22–23(पार्ट–1)/2020/1186, दिनांक: 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक– 01/नीति–05–10/2022–651, दिनांक: 01.04.2024 एवं पत्रांक– 05/मु०स्था०–15–01/2019–814, दिनांक: 12.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं मेघा भारद्वाज (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा– 26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन को सम्पूर्ण कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों के बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ :–

| क्र० सं० | लोकसभा क्षेत्र का नाम | चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14–हजारीबाग 05–कोडरमा | पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक : 18.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे से दिनांक : 20.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे तक |
| 2. | 06–गिरीडीह | षष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक : 23.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे से दिनांक : 25.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे तक |

**मतगणना हेतु निर्धारित तिथि रू–**

| क्र० सं० | मतगणना हेतु निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|
| 3. | 04.06.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक : 04.06.2024 को |

उपरोक्त घोषित किये गये शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि में कोडरमा जिले की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें (होटल, रेस्तराँ एवं बार सहित) एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे।

एवं किसी होटल, बार एवं रेस्तराँ/क्लब या अन्य ऐसे प्रतिष्ठान में मदिरा की न तो बिक्री की जा सकेगी और ना ही उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा भोजनालय, दुकान या किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा और ना ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उलंघन करेगा तो दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारादृ 135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 324836 Election(24-25).D

# बीजद का मुफ्त बिजली का वादा झूठ : महांति

**25 साल तक शासन करने के बाद बीजेडी ने झूठे घोषणा पत्र में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की याद दिलायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** सत्तारूढ़ बीजद पूरी तरह से झूठ बोल रही है और ओड़िशा के लोगों को गुमराह कर रही है। बीजद ने अपने इस्ताहार पत्र में ओडिशा के सभी परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदान करने की घोषणा की है। लेकिन इसके विपरीत, बीजू जनता दल के नेता और गुमास्ता सार्वजनिक बैठकों और विज्ञापनों के माध्यम से प्रचार कर रहे हैं कि अगले जुलाई से ओडिशा के बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त दी जायेगी। इसका मतलब है कि बीजद इस्ताहार पत्र पूरी तरह से झूठा है, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता समीर महांति ने कहा। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महांति ने कहा, "25 वर्षों तक ओड़िशा की जनता पर शासन करने के बाद बीजद के आयातित नेता और गुमास्ता चुनाव के दौरान फिर से झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं." उड़िया लोगों को बीजद भ्रमित न करें। ओड़िशा में लगभग 96 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं। बीजद द्वारा उपभोक्ताओं को कितना मुफ्त बिजली दी जायेगी पहले स्पष्ट करे। पहले कह रहे थे कि बिजली बिल नहीं आयेगा और अब 100 यूनिट फ्री की बात क्यों कर रहे हैं? **चुनाव के संदर्भ में बीजेपी का संकल्प पत्र प्रकाशित हो गया है।** संकल्प पत्र में हमने ओड़िशा के बिजली उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत मुफ्त बिजली देने का संकल्प लिया है। इसके विपरीत, बीजद ने कुछ दिन पहले अपना घोषणापत्र जारी किया है। 25 साल तक शासन करने के बाद बीजू जनता दल ने झूठे घोषणा पत्र में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की याद दिलाई। विद्युत सेवा राज्य की आर्थिक प्रगति की संवाहक है। लेकिन बीजद के पास संवेदनशील बिजली की घटना का कोई स्पष्टीकरण नहीं है। ओड़िशा में बिजली की दरें राष्ट्रीय औसत से लगभग 90 पैसे प्रति यूनिट अधिक हैं। ओड़िशा में औसत बिजली उपभोक्ता 90 पैसे प्रति 5 यूनिट खरीदता है, जो अन्य राज्यों की तुलना में बहुत अधिक है। भारत में 27 राज्य अपने उपभोक्ताओं को एक वर्ष में मुफ्त या सब्सिडी वाली बिजली प्रदान करते हैं। ओड़िशा एकमात्र राज्य है जिसने 25 वर्षों से इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया है। बीजद दावा करता रहा है कि उसने 1995 से बिजली सुधार किए हैं। ओड़िशा में कोयले की प्रचुरता के बावजूद, ओड़िशा के लोग तमिलनाडु की तुलना में अधिक कीमत पर बिजली खरीदते हैं। तमिलनाडु को 2 रुपये और 53 पैसे में बिजली की आपूर्ति की जाती है। ओड़िशा में बिजली वितरण कंपनी 2 रुपये 83 पैसे पर खरीद रही है। राज्य सरकार ने राज्य के हितों की अनदेखी करते हुए एनएनसीएलआई के 3200 मेगावाट के तलबीरा थर्मल पावर प्लांट को 25 वर्षों के लिए तमिलनाडु सरकार को सौंप दिया है। नवीन बाबू को स्पष्ट करना चाहिए कि राज्य के राजस्व को सीधे तौर पर 50 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा। 25 वर्षों तक राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बीजद ने नजरअंदाज किया। चुनाव आते ही नवीन बाबू ने झूठी बिजली का प्रलोभन दिखाकर वोट लूटने की कोशिश की है। अब फिर 100 यूनिट की बात कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हाल के दिनों में बीजद पिठा और कालिया जैसी मुफ्त बिजली योजनाओं के बारे में बात करके लोगों को गुमराह करने और मूर्ख बनाने की कोशिश कर रहा है। महांति ने कहा कि भाजपा इसकी निंदा कर रही है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता दिलीप मल्लिक और अनिल बिस्वाल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# पूर्व तट रेलवे यात्रियों को यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

- विभिन्न गंतव्यों के लिए यात्रियों के लिए बर्थ की उपलब्धता और कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना
- ग्रीष्मकालीन भीड़ के लिए और नियमित ट्रेनों में भारी भीड़ से बचने के लिए विशेष ट्रेनें
- कुछ राज्यों में चल रहे आम चुनाव और राज्य विधानसभा चुनावों में यात्रियों को वोट डालने की सुविधा प्रदान करेगा
- पूर्व तट रेलवे के क्षेत्राधिकार से निकलने वाली 21 जोड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें
- पूर्व तट रेलवे के क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली 30 जोड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** देश भर में यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से, भारतीय रेलवे ने गर्मियों के दौरान नियमित ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ से बचने के लिए विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। ये ट्रेनें पूरे सीजन में निर्बाध यात्रा और यादगार अनुभवों के लिए सुविधा, आराम और सुरक्षा प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण गंतव्यों को जोड़ेंगी। इसके अलावा, पूर्व तट रेलवे में यात्रियों को मौजूदा आम चुनाव में वोट डालने के लिए यात्रा सुविधाएं प्रदान करने की भी योजना बनायी गयी है। उपरोक्त के मद्देनजर, पूर्व तट रेलवे ने अपने अधिकार क्षेत्र से देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। यह विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए है। सुखद यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए यात्री आराम और सुविधा में यात्रा करने की उम्मीद कर सकते हैं। विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन सेवाएं सुविधाजनक समय पर संचालित होंगी, जिससे यात्रियों को उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार अपनी यात्राओं की योजना बनाने की सुविधा मिलेगी। चाहे सप्ताहांत की छुट्टी हो या लंबी छुट्टी, विशेष ट्रेनें परेशानी मुक्त यात्रा के लिए सही समाधान प्रदान करती हैं। पूर्व तट रेलवे द्वारा घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें पुरी, खुर्दा रोड, कटक, भुवनेश्वर, संबलपुर, ब्रह्मपुर, श्रीकाकुलम और विशाखापत्तनम से चल रही हैं। यात्री भी तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं और अपने बोर्डिंग पॉइंट से अपने गंतव्य के लिए विशेष ट्रेनों की खोज कर सकते हैं जहां वे अपनी आरामदायक यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं। पुरी से पटना, निजामुद्दीन, नई दिल्ली, आनंद विहार, शालीमार, संतरागाछी, उधना (सूरत) अहमदाबाद और भंजपुर (बारीपदा) की ओर विशेष ट्रेनें चल रही हैं। भुवनेश्वर से धनबाद, यशवंतपुर, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, मुंबई सीएसएमटी, मुंबई एलटीटी की ओर चलने वाली विशेष ट्रेनें। इसी तरह, संबलपुर से पुणे, इरोड, बेंगलुरु, काचीगुडा और चेन्नई की ओर विशेष ट्रेनें चल रही हैं। इसके अलावा, खुर्दा रोड से सिकंदराबाद और बेंगलुरु के लिए विशेष ट्रेनें चल रही हैं; कटक से हैदराबाद तक; ब्रह्मपुर से सूरत, अहमदाबाद, सिकंदराबाद और काचीगुडा तक। श्रीकाकुलम से तिरुपति तक विशेष ट्रेनें भी चल रही हैं। उपरोक्त के अलावा, विशाखापत्तनम से सिकंदराबाद, बेंगलुरु, तिरूपति, कुरनूल, कोल्लम, हटिया, चेन्नई और संबलपुर की ओर भी विशेष ट्रेनें चल रही हैं। जैसे ही हम गर्मी के मौसम में प्रवेश कर रहे हैं, पूर्व तट रेलवे में अपने मूल्यवान यात्रियों की विविध यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू करने में प्रसन्न है। चाहे वह तीर्थयात्रा हो, आरामदायक छुट्टियां हों या व्यावसायिक यात्रा हो, पूर्व तट रेलवे सभी के लिए एक सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष ट्रेनें चलाने के अलावा, पूर्व तट रेलवे ने भारी मांग वाली लोकप्रिय ट्रेनों में कोचों की बढ़ोतरी का भी सहारा लिया है।

# मो बूथ ऐप लांच : मतदाता अपने बूथ के बारे में जान सकते

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** सीईओ निकुंज बिहारी धल ने मो बूथ ऐप लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए मतदाता अपने बूथ के बारे में जान सकते हैं। कहां वोट करना है, बूथ कहां है, सारी जानकारी आपकी उंगलियों पर। आप मोबाइल देखकर लोकेशन जान सकते हैं। शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मो बूथ ऐप' लॉन्च किया गया है। जिसका अनावरण सीईओ निकुंज बिहारी धल ने किया। इस ऐप और वेबसाइट के जरिये बूथ की सारी जानकारी जान सकते हैं। यह ऐप वोटिंग दर बढ़ाने में भी मदद करेगा। ऐप लॉन्च होने के बाद इसमें पहले चरण के चुनाव की सारी जानकारी मौजूद है। बताया जा रहा है कि 4 लोकसभा क्षेत्रों में 75.68 फीसदी वोटिंग हुई है। नबरंगपुर में सबसे अधिक और ब्रह्मपुर में सबसे कम मतदान हुआ है। स्वाभिमान क्षेत्र के 23 बूथों पर इस वर्ष 8 फीसदी मतदान बढ़ा है।

# एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने की लड़कियों की शिक्षा और विकास में सहायता के लिए प्रमुख सीएसआर पहल





**'बालिका सशक्तिकरण मिशन' लॉन्च किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** तालचेर थर्मल,-एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने 14 मई, 2024 को अपनी प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल, बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 का उद्घाटन किया। एक महीने तक चलने वाली इस पहल का लक्ष्य 8 सरकारी स्कूलों की 40 युवा लड़कियों का समर्थन करना है। 4 ग्राम पंचायतों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवन कौशल प्रशिक्षण और परामर्श के अवसर प्रदान करके कवर किया गया। उद्घाटन समारोह में सहित अतिथियों के एक प्रतिष्ठित पैनल ने भाग लिया। गौतम देब, कार्यकारी निदेशक, तालचेर थर्मल, डॉ जेपी रॉय, जीएम (प्रोजेक्ट) चंद्र शेखर, महाप्रबंधक (सीसीडी) दीपक, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) के साथ। बिपाशा देब, अध्यक्ष, सागरिका लेडीज क्लब और क्लब के वरिष्ठ सदस्य। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, तालचेर थर्मल के कार्यकारी निदेशक, गौतम देब ने कहा, तालचेर थर्मल पड़ोसी गांवों में लड़कियों को सशक्त बनाने और उनके उत्थान के लिए अपना समर्पण बनाये रखता है। पिछले तीन वर्षों में, हमने लगभग 210 लड़कियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, अतिरिक्त 40 लड़कियों को लाभ होगा। 2024 में। हमारा दृढ़ विश्वास है कि इन ठोस प्रयासों के माध्यम से, हम एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज को बढ़ावा दे सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक लड़की को उज्जवल भविष्य में योगदान करने का अवसर मिले। एक महीने तक चलने वाले इस मिशन के साथ, एनटीपीसी तालचेर थर्मल संभावना के बीज बो रहा है। 40 लड़कियों के दिमाग, शरीर और सपनों का पोषण करके, एनटीपीसी टीटीपीएस सकारात्मक बदलाव लाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल भविष्य बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# चुनाव प्रचार के लिए ओड़िशा आ रहे सीएम और केंद्रीय नेता

**जेपी नड्डा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, असम सीएम हेमंत विस्व सरमा, छत्तीसगढ़ के सीएम बिष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सांसद हेमा मालिनी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रमुख चुनाव प्रचार करेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के सामूहिक विकास को गति देने और विकसित ओड़िशा के निर्माण के लिए भाजपा सरकार की जरूरत है। उड़िया भाषा, संस्कृति, विरासत, परंपरा, कला, भाष्कर्य आदि की सुरक्षा के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प है। राज्य के लोगों ने भाजपा को ओड़िशा के लोगों की सेवा करने का मौका देने का फैसला किया है। 25 साल की भ्रष्ट दुर्नीति खोर और व्यभिचारी बीजद सरकार का अंत होना चाहिए, एक नया ओड़िशा बनाने के लिए राज्य की राजनीति में बदलाव होगा और ओड़िशा में भाजपा की सरकार बनेगी। बीजेपी के प्रचार अभियान को मजबूत करने के लिए केंद्रीय नेता ओड़िशा आ रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल भुवनेश्वर में आयोजित रोड शो कार्यक्रम में शामिल होंगे और प्रभु लिंगराज के दर्शन भी करेंगे। इसके बाद नड्डा बरगढ़ के पद्मपुर और सुंदरगढ़ में आयोजित विजय संकल्प सामाबेस में शामिल होंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जो ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर हैं, कल 16 तारीख को झारसुगुड़ा और संबलपुर में चुनाव प्रचार में भाग लेंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा ब्रजराजनगर, बनाई और बरगढ़ के अताबिरा और शाम को जटनी में आयोजित सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। विश्वशर्मा 17 तारीख को शाम को कबिसूर्यनगर, कंटाबांजी, लोइसिंघा और शाम को डेलांग-कनास में आयोजित सार्वजनिक सभा करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय कल 16 तारीख को बीजेपुर, बिरमहाराजपुर और 17 तारीख को तलसरा, सुंदरगढ़ और राजगांगपुर में सार्वजनिक सभा को को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव कल 16 तारीख को हिंजिली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी प्रकार, सांसद हेमामालिनी 17 तारीख को भूवनेश्वर सालिया साही, कटक सदर निर्वाचन क्षेत्र के किशोरनगर, पिपिली में आयोजित सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगी और पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल 17 तारीख को सानखेमुंडी, दसपल्ला और जी उदयगिरी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 17 तारीख को कटक के नरसिंहपुर, आठगढ़ और 18 तारीख को बनायी और सुंदरगढ़ में जनसभाओं में शामिल होंगे। इसकी जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने कहा।

# भुवनेश्वर सूर्य नगर में आयकर विभाग की छापेमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** गाड़ी से मिला 5 करोड़ रुपये। भुवनेश्वर के सूर्य नगर में आयकर विभाग द्वारा छापेमारी के दौरान यह पैसा जब्त किया गया। आयकर विभाग ने उस समय छापेमारी की जब फॉर्च्यून गाड़ी में रुपये लेकर जा रहा था। यह पैसा जाजपुर इलाके में एक ठेकेदार के गाड़ी में मिला। ठेकेदार की पहचान निहार रंजन के रूप में की गयी है। आयकर विभाग ने ठेकेदार निहार रंजन के जाजपुर स्थित आवास पर छापेमारी जारी रखी है।

# शाह बोले, केजरीवाल को बेल मिलना स्पेशल ट्रीटमेंट



**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक बार फिर कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे। वे 2029 तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे। इसके बाद भी वे हमारा नेतृत्व करेंगे। गृह मंत्री ने तिहाड़ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर कहा- मेरा मानना है कि यह कोई रूटीन जजमेंट नहीं था। देश में कई सारे लोग हैं, जिनका मानना है कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत स्पेशल ट्रीटमेंट है। शाह बुधवार को एक इंटरव्यू में बोल रहे थे।







VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!




RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
Creating Path Towards Success
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**